

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूरे होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-62 > अंक - 12 | रायपुर | मंगलवार 6 जनवरी 2026 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2026-28


### भारत एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति है, जो संपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करती है

# रक्षा मंत्री राजनाथ ने पोत समुद्र प्रताप को भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया

### भारतीय तटरक्षक बल को एक प्लेटफॉर्म-केंद्रित बल से हटकर एक खुफिया-संचालित और एकीकरण-केंद्रित बल बनना होगा

पीआईबी



रक्षा मंत्री ने समुद्री प्रदूषण से लेकर तटीय स्वच्छता, खोज एवं बचाव से लेकर समुद्री कानून प्रवर्तन तक, बहुआयामी भूमिका निभाने के लिए तटरक्षक बल की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से तटरक्षक बल अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है, उससे देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि यदि वे भारत की समुद्री सीमाओं पर बुरी नजर डालने या किसी भी प्रकार का दुस्साहस करने का साहस करते हैं, तो उन्हें करारा और मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

भारत द्वारा जहाज निर्माण और समुद्री क्षमता विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 5 जनवरी, 2026 को गोवा में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) में 'समुद्र प्रताप' को शामिल किया। यह गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा निर्मित दो प्रदूषण नियंत्रण पोतों में से पहला है। 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी घटकों से निर्मित, समुद्र प्रताप देश का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत है और भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े का अब तक का सबसे बड़ा पोत है। समुद्र प्रताप के शामिल होने से प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन, समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे भारत के विशाल समुद्री क्षेत्रों में विस्तारित निगरानी और प्रतिक्रिया अभियानों को संचालित करने की क्षमता भी मजबूत होगी। रक्षा मंत्री ने इस पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक इको-सिस्टम का प्रतीक बताया, जिसमें जटिल विनिर्माण चुनौतियों को प्रभावी ढंग से निपटना की क्षमता है, और कहा कि जहाजों में स्वदेशी सामग्री को 90 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि समुद्र प्रताप को विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसकी भूमिका केवल इसी तक सीमित नहीं है। एक ही प्लेटफॉर्म में कई क्षमताओं को एकीकृत करने के कारण, यह जहाज तटीय गश्ती में प्रभावी साबित होगा और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करेगा। यह गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा अपनाए गए आधुनिक दृष्टिकोण का परिणाम है, जिसका उद्देश्य वर्तमान समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए लचीलापन और तत्परता बढ़ाना है। यह जहाज उन्नत प्रदूषण पहचान प्रणालियों, प्रदूषण से निपटने के लिए विशेष नौकाओं और आधुनिक अग्निशमन क्षमताओं से सुसज्जित है। इसमें हेलीकॉप्टर हैंगर और विमानन सहायता सुविधाएं भी हैं, जो इसकी पहुंच और प्रभावशीलता को काफी बढ़ा सकती हैं। श्री राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि इन क्षमताओं के कारण, यह पोत खराब समुद्री परिस्थितियों में भी स्थिर रूप से काम कर सकेगा, जिससे वास्तविक परिचालन में बहुत लाभ मिलेगा। रक्षा मंत्री ने जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि की चुनौतियों के बीच समुद्री पर्यावरण संरक्षण को न केवल एक रणनीतिक आवश्यकता है, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने तेल रिसाव प्रतिक्रिया, अग्निशमन और बचाव कार्यों को अंजाम देने के लिए भारतीय तटरक्षक बल की सराहना की, जिससे भारत उन्नत पर्यावरणीय प्रतिक्रिया क्षमताओं वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

## सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को साइबर ठगों से किया सावधान, कहा- बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश की जनता के नाम एक पत्र 'योगी की पाती' लिखा। इस पत्र के जरिए उन्होंने 'साइबर अपराध की चुनौतियों' को लेकर प्रदेश की जनता को आगाह किया है। सीएम योगी ने बताया कि इसे रोकने के लिए सरकार कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सीएम योगी ने पत्र में लिखा, मोबाइल और कंप्यूटर ने हमारे जीवन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाया है, परंतु इसके साथ ही साइबर अपराध की चुनौतियां भी बढ़ी हैं। आपकी सरकार इसकी रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि 2017 से पूर्व प्रदेश में केवल 2 साइबर क्राइम थाने थे। आज सभी 75 जनपदों में साइबर क्राइम थाने क्रियाशील हैं। साथ ही सभी जनपदीय थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई है। साइबर ठगों के विरुद्ध सतर्कता और जागरूकता ही सबसे बड़े शस्त्र हैं। ये अपराधी 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे झूठे और भ्रामक शब्दों का प्रयोग कर निर्दोष नागरिकों को डराते-धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं।

## उत्तराखंड में सड़क कनेक्टिविटी सुधार के लिए होंगे 19 हजार करोड़ के काम



### केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की हुई समीक्षा

**देहरादून** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक में ऋषिकेश बाईपास, अल्मोड़ा-दन्या-पनार-घाट मार्ग, ज्योलिकोट-खैरना-गैरसैंण-कर्णप्रयाग मार्ग और अल्मोड़ा-बागेश्वर-काण्डा-उडियारी बैंड मार्ग के निर्माण से संबंधित प्रस्तावों के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित राज्य के अनेक महत्वपूर्ण मामलों को प्रमुखता से उठाते हुए राज्य के प्रस्तावों को स्वीकृति दिए जाने का अनुरोध किया। बैठक में राज्य की प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं पर हुई चर्चा में बताया गया कि ऋषिकेश बाईपास परियोजना-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-07 के अंतर्गत तीनपानी से योगनगरी होते हुए खारास्रोत तक 12.67 किमी लंबाई में चार लेन बाईपास का निर्माण प्रस्तावित है। जिसकी अनुमानित लागत 1161.27 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के अंतर्गत 4.876 किमी लंबाई में तीन हाथी कॉरिडोर हेतु एलिवेटेड मार्ग, चन्द्रभागा नदी पर 200 मीटर लंबा सेतु तथा रेलवे पोर्टल पर 76 मीटर लंबाई का आरओबी प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त श्यामपुर रेलवे क्रॉसिंग पर 318 करोड़ रुपये की लागत से 76 मीटर लंबाई का आरओबी प्रस्तावित किया गया है।

## यमुना की स्वच्छता अब जनआंदोलन का रूप ले रही है : सीएम रेखा गुप्ता

नई दिल्ली संवाददाता



दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने आज आईटीओ के पास यमुना नदी के छठ घाट पर आयोजित यमुना नदी क्लीनअप ड्राइव का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना की स्वच्छता अब केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन का स्वरूप ले रहा है। मुख्यमंत्री का यह भी कहना था कि मां यमुना हमारी आस्था, संस्कृति और सभ्यता की शाश्वत जीवनधारा हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति यूथ फ़ाउंडेशन ने किया। मुख्यमंत्री ने उसके स्वयंसेवकों की सराहना की और अभियान में शामिल नागरिकों, युवाओं व यमुना टास्क फोर्स (137 सीईटीएफ बटालियन टेरिटोरियल आर्मी) के जवानों की सक्रिय सहभागिता को प्रेरणादायी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रविवार के दिन भी इतनी बड़ी संख्या में लोगों का स्वेच्छा से यमुना स्वच्छता अभियान में जुटना यह दर्शाता है कि अब यमुना की स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन का स्वरूप ले रहा है।

## विकसित-भारत जी राम जी कानून स्वावलंबी गांवों की नींव

### ईरोड में किसानों-कामगारों से संवाद : कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताई महत्वपूर्ण योजनाएं

पीआईबी



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को तमिलनाडु के ईरोड में कहा कि विकसित भारत-जी राम जी कानून स्वावलंबी गांवों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईरोड में कामगारों और श्रमिकों से संवाद के दौरान केंद्रीय मंत्री ने इस महत्वाकांक्षी योजना के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कानून गांवों में रोजगार सृजन, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। श्री चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि जनभागीदारी के माध्यम से विकसित और समृद्ध गांवों का लक्ष्य साकार होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी तक मनरेगा में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी थी, लेकिन कई स्थानों पर न तो समय पर रोजगार मिलता था और न ही मजदूरी का भुगतान समय पर हो पाता था। उन्होंने इसे गंभीर स्थिति बताते हुए कहा कि इसी तरह की खामियों और भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए सरकार ने इस योजना में बदलाव करते हुए विकसित भारत-राम जी कानून लागू किया है। उन्होंने बताया कि नए कानून के तहत अब 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है। यदि निर्धारित अवधि में काम नहीं मिलता है, तो मजदूरों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। वहीं, मजदूरी के भुगतान में 15 दिनों से अधिक की देरी होने पर ब्याज भी दिया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि प्रशासनिक व्यय को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत किया गया है, ताकि फील्ड में कार्यरत स्टाफ को समय पर वेतन मिल सके और व्यवस्था अधिक प्रभावी बने।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नए कानून में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाया गया है। अब ग्राम सभाएं स्वयं यह तय करेंगी कि उनके गांव में कौन-कौन से विकास कार्य किए जाने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास से जुड़े फैसले अब चेन्नई या दिल्ली में नहीं, बल्कि गांव स्तर पर लिए जाएंगे।


श्री चौहान ने कहा कि कुछ लोग इस योजना को लेकर जानबूझकर भ्रांतियां फैला रहे हैं।

## एनसीआर में वायु गुणवत्ता में गिरावट, ठंड और कोहरे ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

**नई दिल्ली** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक बार फिर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के लगभग 80 प्रतिशत इलाके ऑरेंज जोन में पहुंच गए हैं, जबकि कई स्थानों पर एक्यूआई रेड जोन के करीब या रेड जोन में बना हुआ है। प्रदूषण के साथ-साथ ठिठुरन भरी सर्दी और कोहरे ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और सुबह-शाम कोहरे का असर साफ दिखाई दे रहा है। नोएडा में सभी चार सक्रिय स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता असंतोषजनक स्तर पर दर्ज की गई। सेक्टर-125 नोएडा (यूपीपीसीबी) में एक्यूआई 273, सेक्टर-62 नोएडा (आईएमडी) में 218।

## केंद्र सरकार ने 24 नए चिप डिजाइन प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी, ड्रोन से लेकर सैटेलाइट तक में होगा इस्तेमाल

नई दिल्ली एजेंसी



केंद्र सरकार ने डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम (डीएलआई) के तहत भारतीय सेमीकंडक्टर यानी चिप बनाने वाले उद्योग को मजबूत करने के लिए 24 नए चिप डिजाइन प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। ये प्रोजेक्ट्स वीडियो निगरानी, ड्रोन का पता लगाने, एनर्जी मीटर, माइक्रोप्रोसेसर, सैटेलाइट कम्युनिकेशन, ब्रॉडबैंड और आईओटी सिस्टम-ऑन-चिप्स (एसओसी) जैसे क्षेत्रों में हैं। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी साझा की गई है।

बयान में कहा गया है कि इसके अलावा, 95 कंपनियों को उद्योग स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) टूल्स तक पहुंच दी गई है। इससे चिप डिजाइन स्टार्टअप्स का खर्च कम होगा और उन्हें बेहतर उपकरण मिलेंगे।

सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन चिप बनाने की प्रक्रिया में सबसे ज्यादा मूल्य जोड़ने वाला हिस्सा है। यह आपूर्ति श्रृंखला में 50 प्रतिशत और फैबलेस सेगमेंट के माध्यम से वैश्विक सेमीकंडक्टर बिक्री में 30-35 प्रतिशत का योगदान देता है।

बयान में कहा गया कि डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलआई) समर्थित योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। स्कीम के तहत अब तक 16 टेप-आउट, 6 एएसआईसी चिप्स, 10 पेटेंट और 1,000 से ज्यादा इंजीनियर शामिल हो चुके हैं। साथ ही निजी निवेश भी तीन गुना तक बढ़ा है।

विदेश | कट्टरपंथ का प्रभाव

## बांग्लादेश में नहीं थम रहा 'नरसंहार', राणा प्रताप बैरागी को मारी गोली

संवाददाता



बांग्लादेश में सोमवार को एक और हिंदू व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कट्टरपंथी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद पड़ोसी देश में हुई अशांति के मद्देनजर यह पांचवीं ऐसी घटना है। मृतक की पहचान राणा प्रताप बैरागी के रूप में हुई है, जिनकी सोमवार दोपहर करीब 12 बजे जेस्सोर जिले के कोपलिया बाजार में कुछ बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जब कुछ ही हफ्तों पहले दीपू चंद्र दास समेत कई हिंदुओं की हिंसक मौतों ने पूरे देश और भारत तक में चिंता बढ़ा दी थी। यह सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि अल्पसंख्यक समुदाय की लगातार बढ़ती असुरक्षा को उजागर करती है। इससे पहले बांग्लादेश में एक हिंदू व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला करने और जलाकर मार डालने के मामले में रविवार को तीन लोगों को अरेस्ट किया गया। ढाका से करीब 100 किमी दूर शरीयतपुर जिले में बुधवार रात खोकन चंद्र दास (50) पर हमला किया गया था। शनिवार को उनकी मृत्यु हो गई थी। रैपिड एक टीम ने रविवार सुबह ढाका से करीब 100 किमी उत्तर-पूर्व में किशोरगंज से 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम सोहाग खान, रब्बी मोल्या और पलाश सरदार है। दवा की दुकान और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करने वाले दास एक ऑटो-रिक्शा से जा रहे थे, तभी हमलावरों ने पिटाई की, धारदार हथियारों से हमला किया और फिर सिर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी।

## वेनेजुएला पर अमेरिका का नियंत्रण : क्या तेल के लिए किया हमला?

वॉशिंगटन एजेंसी।

अमेरिका द्वारा 3 जनवरी को वेनेजुएला में चलाए गए 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी और यह सैन्य हमला तेल संसाधनों पर कब्जे या सत्ता परिवर्तन के लिए था, तो ट्रंप ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने जवाब दिया कि यह कार्रवाई किसी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि पृथ्वी पर शांति स्थापित करने के लिए की गई है। गौरतलब है कि इस ऑपरेशन में अमेरिकी सेना ने राजधानी काराकास पर धावा बोलकर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर लिया है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी कार्रवाई को सही ठहराने के लिए 1823 की ऐतिहासिक 'मोनरो डॉक्ट्रिन' का हवाला दिया, जिसे उन्होंने अपने अंदाज में अपडेट करते हुए 'डॉन-रो डॉक्ट्रिन' का नाम दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिमी गोलार्ध अमेरिका का प्रभाव क्षेत्र है और यहां शांति बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। ट्रंप ने कहा कि पिछले अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने इस सिद्धांत को भुला दिया था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद ट्रंप ने वेनेजुएला को एक मृत देश करार दिया और ऐलान किया कि जब तक वहां सब कुछ सुरक्षित नहीं हो जाता, अमेरिका वहां का नियंत्रण अपने हाथ में रखेगा। उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा कि अगर वे चुनाव हार जाते, तो अमेरिका का हाल भी आज के वेनेजुएला जैसा ही होता। गिरफ्तार किए गए निकोलस मादुरो को अब न्यूयॉर्क ले जाया गया है, जहां उन पर नार्को-टेररिज्म और ड्रग तस्करी के गंभीर आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा।

हालांकि, अमेरिका की इस एकतरफा सैन्य कार्रवाई पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। दुनिया के कई देशों ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन बताते हुए इस अभियान की निंदा की है और संप्रभुता के हनन का आरोप लगाया है।

'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' रातों-रात किया गया फैसला नहीं था, बल्कि यह महीनों की खुफिया तैयारियों का नतीजा था। सीआईए (CIA) की टीम लंबे समय से मादुरो की हर गतिविधि पर नजर रख रही थी। हमले के दौरान 150 से अधिक अमेरिकी विमानों ने पहले वेनेजुएला के एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह नष्ट किया, जिसके तुरंत बाद डेल्टा फोर्स समेत विशेष बलों को हेलीकॉप्टरों के जरिए जमीन पर उतारा गया। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे अमेरिकी सैन्य शक्ति की शानदार मिसाल बताया और संतोष जताया कि इस बेहद जोखिम भरे मिशन में उनका कोई भी सैनिक नहीं मारा गया।



## अमेरिका के ऑपरेशन वेनेजुएला में मारे गए इस देश के 32 अफसर, मादुरो की सुरक्षा में थे तैनात

एजेंसी।

वेनेजुएला और अमेरिका के बीच महीनों से चल रहे तनाव का अंत एक बड़े अमेरिकी सैन्य अभियान के साथ हुआ है। अमेरिकी सेना ने एक साहसिक ऑपरेशन को अंजाम देते हुए वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को राजधानी काराकास से गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें अमेरिका ले आई है। हालांकि, मादुरो ने अमेरिकी खतरे को देखते हुए देश में भारी सैन्य तैनाती की थी, लेकिन अमेरिकी सैनिक आसानी से राजधानी में दाखिल होने में सफल रहे। इस हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी के बाद अब एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इस ऑपरेशन के दौरान वेनेजुएला की मदद के लिए तैनात क्यूबा के 32 अधिकारी भी मारे गए हैं। क्यूबा की सरकार ने रविवार को आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के दौरान उनके 32 अधिकारियों की जान गई है। क्यूबा के सरकारी टीवी पर जारी बयान के मुताबिक, वेनेजुएला सरकार के अनुरोध पर एक विशेष मिशन के तहत क्यूबा के मिलिट्री और पुलिस अधिकारी वहां तैनात थे। गौरतलब है कि क्यूबा और वेनेजुएला लंबे समय से करीबी सहयोगी रहे हैं और क्यूबा अक्सर सुरक्षा अभियानों में मदद के लिए अपने बल भेजता रहा है। इस घटना के बाद क्यूबा सरकार ने मारे गए अधिकारियों के सम्मान में दो दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। सरकार ने अपने बयान में कहा कि उनके देशवासियों ने सुरक्षा और रक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए गरिमा और वीरता के साथ अमेरिकी हमलावरों का सामना किया और भीषण बमबारी व प्रतिरोध के दौरान वे शहीद हो गए।

# कृषि के साथ पशुपालन बना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत धुरी





**धमतरी,** कभी पशुपालन को गांवों में खेती का केवल सहायक माना जाता था–घर के लिए दूध, अंडा या कुछ अतिरिक्त आमदनी तक सीमित। लेकिन आज धमतरी जिले में पशुपालन सिर्फ सहायक गतिविधि नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की रीढ़ बन चुका है। यह वह बदलाव है, जिसने ग्रामीण जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल दी हैं। आज धमतरी के गांवों में खेतों के साथ-साथ गोठान, पशु शेड और पोल्ट्री फार्म किसानों की मेहनत और सपनों के प्रतीक बन चुके हैं। पशुपालन अब रोजगार, सम्मान और आर्थिक स्थिरता का मजबूत आधार बन रहा है। जिले में पशुपालन को संगठित और उद्यम आधारित स्वरूप देने के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन (हरू) के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम (श्ष्ठक्क) में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बैकयार्ड पोल्ट्री एवं हैचरी, भेड़-बकरी पालन तथा पिगरी (सूकर पालन) जैसे क्षेत्रों में कुल 37 ऑनलाइन प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 28 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। भेड़-बकरी पालन के 28 प्रकरणों में से 24 प्रकरण स्ढ्ढ स्तर पर लंबित रहे, वहीं 15 प्रकरणों को बैंकों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्वीकृत प्रकरणों की कुल लागत लगभग 10 करोड़ रुपये है, जो यह दर्शाती है कि पशुपालन अब छोटे स्तर का कार्य नहीं, बल्कि ग्रामीण उद्यमिता का सशक्त मॉडल बन चुका है। पशुपालन क्षेत्र में इतनी बड़ी राशि का ऋण स्वीकृत कराने वाला धमतरी जिला प्रदेश में अग्रणी बनकर उभरा है। यह आंकड़े केवल फाइलों में दर्ज संख्याएं नहीं हैं, बल्कि गांव-गांव में उम्मीद की नई कहानियां लिख रहे हैं। कहीं कोई किसान आधुनिक डेयरी यूनिट स्थापित कर दुग्ध उत्पादन बढ़ा रहा है, तो कहीं महिलाओं का समूह बकरी पालन के जरिए आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है। ये प्रकरण व्यक्तिगत भी हैं और सामूहिक भी, लेकिन हर स्वीकृति ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। किसानों की सुविधा और आर्थिक संबल के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (चष्ट्ट) योजना भी प्रभावी रूप से गांवों तक पहुंचाई गई है। जिले में 1700 आवेदन तैयार किए गए, जिनमें से 180 किसानों को स्वीकृति मिल चुकी है।

यह केवल ऋण नहीं, बल्कि किसान की मेहनत को पहचान और उसके सपनों को उड़ान देने का माध्यम है–चाहे वह फसल की तैयारी हो या पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत बैकयार्ड पोल्ट्री, भेड़-बकरी पालन और पिगरी जैसी गतिविधियों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। कल्पना कीजिए–जिस किसान के पास कभी दो-तीन बकरियां थीं, आज वही किसान दर्जनों पशुओं के साथ न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा है, बल्कि बाजार में अपनी अलग पहचान भी बना रहा है। धमतरी जिले की यह पहल केवल आर्थिक सशक्तिकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक बदलाव की मिसाल भी है। महिलाएं अब आत्मनिर्भर समूहों के माध्यम से आगे बढ़ रही हैं, युवाओं को अपने ही गांव में रोजगार मिल रहा है और शहरों की ओर पलायन पर अंकुश लग रहा है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा बताते है कि धमतरी जिले में पशुपालन को केवल पारंपरिक गतिविधि न मानकर इसे रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने का सुनियोजित प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय पशुधन मिशन एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैंकों द्वारा लगभग 10 करोड़ रुपये के 15 प्रकरणों की स्वीकृति यह दर्शाती है कि अब किसान पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए आगे आ रहे हैं।

यह जिले के लिए गर्व का विषय है कि पशुपालन क्षेत्र में इतनी बड़ी राशि का ऋण स्वीकृत कराने में धमतरी जिला प्रदेश में अग्रणी बन रहा है। कलेक्टर ने आगे बताया कि पशुपालन के साथ किसान क्रेडिट कार्ड योजना को भी प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि किसानों को समय पर वित्तीय सहायता मिल सके।

## सद्गुरू कबीर स्मृति महोत्सव का आयोजन सम्पन्न

**रायपुर, सद्गुरू** कबीर विश्व शांति मिशन संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ संत संगठन के संयोजकत्व में सद्गुरू कबीर स्मृति महोत्सव का आयोजन एवं आध्यात्म सम्मेलन मेकाहारा सभागार में सुबह 11 से 3 बजे के मध्य सम्पन्न हुआ।

उक्त आयोजन में संत समाज के हजारों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर संत कबीर के भजनों में डूबकर कार्यक्रम का आनंद लिया। उक्त अवसर पर छत्तीसगढ़ पद्श्री भारती बंधु एवं डॉ. सुरेश ठाकुर सहित अन्य कलाकारों ने संत कबीर के जीवन पर आधारित संदेशों को भजनों में बांधकर उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। सम्मेलन में विभिन्न समाज के समाजसेवकों को उनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में दुधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास द्वारा विभिन्न व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में आरएनएस एजेंसी के प्रबंध संपादक हर्ष शुक्ला एवं वरिष्ठ पत्रकार आरएनएस एच.डी.महंत का समाज के संतों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त आयोजन में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर संत कबीर की वाणी को उपस्थित संतों द्वारा न केवल सुना अपितु अपने जीवन में संत कबीर द्वारा दिए गए संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया।

## लिमहाटोला में भीषण सड़क दुर्घटना, खड़ी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, चार यात्री घायल

बालोद, डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम लिमहाटोला में शुक्रवार को एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया। यात्रियों को उतारने के लिए सड़क किनारे रुकी एक यात्री बस को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बस के आगे खड़ी दो मोटरसाइकिलें भी इसकी चपेट में आ गईं।

बताया गया कि मोटरसाइकिल सवार अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर चिकन खरीदने गए हुए थे, तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना में बस में सवार तीन महिलाएं और एक पुरुष घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। दादा ट्रेवल्स की यह बस भानुप्रतापपुर से दल्लीराजहरा की ओर जा रही थी, जिसमें करीब 40 से अधिक यात्री सवार थे। सौभाग्य से बड़ा हादसा टल गया। टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी और लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के पूर्व अपर संचालक बीपी दुबे का निधन

रायपुर, (एजेंसी)।

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के प्रथम अपर संचालक रहे श्री बी.पी. दुबे का रविवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे और लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को गोरखपुर में किया जाएगा। स्वर्गीय श्री दुबे वरिष्ठ पत्रकार संजय दुबे के पिता थे। वे अपने पीछे तीन बेटियां और दो बेटे सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बी.पी. दुबे ने नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य में जनसंपर्क संचालनालय को सुदृढ़ और व्यवस्थित स्वरूप देने में अहम योगदान दिया था। साथ ही राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पत्रिका 'छत्तीसगढ़ संवाद' की स्थापना में भी उनकी उल्लेखनीय भूमिका रही। उनके निधन से प्रशासनिक और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है।

# समय के सदगुरु स्वामी श्री कृष्णानंद जी महाराज का ऐतिहासिक आगमन, सनातन के मर्म पर दिया सारगर्भित संदेश



**राजनांदगांव।**

सदविप्र समाज सेवा एवं सद्गुरु कबीर सेना के संस्थापक, दिव्य गुप्त विज्ञान के प्रणेता एवं समय के सद्गुरु स्वामी श्री कृष्णानंद जी महाराज का सुरगी की पावन धरा पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। तीन दिवसीय सत्संग के प्रथम दिवस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अपने ओजस्वी प्रवचन में पूज्य स्वामी जी महाराज ने सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा कि जीव, ब्रह्म और माया ही सनातन हैं, और जो इन तत्वों को स्वीकार करता है वही सच्चा सनातनी है। उन्होंने कहा कि सनातन किसी एक काल तक सीमित नहीं, बल्कि यह शाश्वत चेतना है।

स्वामी जी ने रामायण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामायण केवल गायन का विषय नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र को आत्मसात करने का माध्यम है। जब तक राम के आदर्श हमारे आचरण में नहीं उतरते, तब तक समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल में समाज के वंचित वर्गों को शस्त्र-शास्त्र का ज्ञान देकर सम्मान प्रदान किया और सेवा के माध्यम से उन्हें ईश्वर प्राप्ति का मार्ग दिखाया। आज भी आवश्यकता है कि हम भगवान श्रीराम के चरित्र को अपनाकर मोक्ष साधना के साथ-साथ समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रवचन के दौरान स्वामी जी ने पंचवटी प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीराम ने अधर्म और अन्याय की सत्ता के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष की भूमिका तैयार की। इस अवसर पर सदविप्र समाज सेवा, राजनांदगांव जिला प्रचारक श्री राजेंद्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 जनवरी को दोपहर 2 बजे से सत्संग तथा 7 जनवरी को प्रातः 9 बजे से ब्रह्म दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया।

## स्व. मुरलीधर दास वैष्णव को दी गई श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** ग्राम भण्डारपुर निवासी स्वर्गीय श्री मुरलीधर दास वैष्णव का आकस्मिक निधन 24 दिसम्बर 2025 को हो गया था। उनके देवलोक गमन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 5 जनवरी 2026 को तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन उनके निज निवास ग्राम भण्डारपुर, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव में किया गया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में सामाजिक, पारिवारिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित होकर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को नमन किया। इस अवसर पर नीलू शर्मा, किरण वैष्णव, गीता घासी साहू, किरण साहू, जागृति यदु, रविन्द्र वैष्णव, गोपाल भूआर्य, अनीता मंडावी, किरण विनोद बारले, मदन लाल साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकसंतप्त परिवार को संबल प्रदान किया।

# सुरगी कोटरा चौक से गूंजे 'जय जय गुरुदेव' के जयकारे, भजन-कीर्तन के साथ मुड़पार तक निकली शोभायात्रा



**राजनांदगांव।**

सुरगी कोटरा चौक से ग्राम मुड़पार तक भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण शोभायात्रा निकाली गई। ÷जय जय गुरुदेव÷ के जयकारों के साथ महिलाएं एवं पुरुष भजन गाते हुए पैदल कथा स्थल मुड़पार पहुंचे। यह आयोजन ग्राम मुड़पार (सुरगी) में 5 से 7 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले त्रि-दिवसीय सत्संग, ब्रह्मदीक्षा एवं यज्ञ-हवन के शुभारंभ के अवसर पर किया गया।

इस पावन अवसर पर सद्?विप्र समाज सेवा एवं सद्?गुरु कबीर सेना के संस्थापक, दिव्य गुप्त विज्ञान के प्रणेता तथा हिमालय के सिद्ध योगी, समय के सद्?गुरु स्वामी कृष्णानंद जी महाराज का दिव्य आगमन प्रातः लगभग 11 बजे सुरगी कोटरा चौक पर हुआ। यहां उपस्थित अनुयायियों ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर चरणामृत ग्रहण किया और श्रद्धा भाव से सम्मान अर्पित किया।

शोभायात्रा के दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। सभी श्रद्धालु अनुशासित रूप से चलते हुए कथा स्थल मुड़पार पहुंचे, जहां आयोजन की तैयारियां पूर्ण की गई हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत सद्गुरु स्वामी कृष्णानंद जी महाराज के अमृतमय आशीर्वचन 5, 6 एवं 7 जनवरी को प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से होंगे। वहीं 6 जनवरी 2026 को विश्व कल्याणार्थ यज्ञ-हवन तथा 7 जनवरी 2026 को प्रातः 9 बजे ब्रह्मदीक्षा संपन्न होगी। यह संपूर्ण आयोजन सद्वप्र समाज सेवा एवं सद्गुरु कबीर सेना, सुरगी क्षेत्र, ग्राम मुड़पार के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

# मोनू बहादुर सिंह का जन्मदिन मनाया ग्रामीण युवा मोर्चा राजनांदगांव न




**राजनांदगांव।**

प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा मंत्री एवं जिला युवा मोर्चा राजनांदगांव अध्यक्ष श्री मोनू बहादुर सिंह का प्रदेश युवा मोर्चा मंत्री बनने के और उनके जन्मदिन पर ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा राजनांदगांव के ग्राम भोथीपार खुर्द नया में भव्य रूप से स्वागत अभिनंदन कर जन्म दिन मनाया गया । जन्मदिन के शुभकामनाएं भाषण ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने पूरे ग्रामीण मंडल एवं युवा साथियों की ओर से शुभकामनाएं बधाई प्रेषित किया । प्रदेश युवा मोर्चा मंत्री मोनू बहादुर ने अपने जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम के लिए पूरे युवा साथियों का आभार प्रकट कर वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद प्राप्त किए। मोनू बहादुर के जन्मदिन के अवसर पर जितेंद्र साहू अध्यक्ष युवा मोर्चा राजनांदगांव ग्रामीण पशपल साहू उपसरपंच, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता थीरन साहू, मानू साहू, युगलाल साहू, रामकुमार सिन्हा,चूरामन साहू, युवा मोर्चा से तेजराम साहू, गोविंद साहू, डामेंसवार साहू, नीरज साहू, लोकेश साहू, संदीप महार, वाकेश देवांगन, रितेश सिन्हा, हरीश साहू, लोमेश साहू, लक्की साहू, झामेश साहू, बीजे साहू, एकेश साहू, इशू साहू,कमलेश साहू, झम्मन साहू, लोमन साहू, शेखर साहू ,विनय साहू, रितिक साहू, गज्जू साहू, दुष्यंत साहू, श्रीमती टाकेसवारी साहू पंच श्रीमती प्रीति साहू, चित्रेखा साहू सहित सैकड़ों के संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर मोनू बहादुर सिंह को जन्मदिन की मनाया।

# आमगांव में श्री शिव महापुराण कथा से गूंजा शिव नाम, पंचम दिवस उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

### प्रदेश पंचायत सह संयोजक व जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष गीता घासी साहू ने व्यासपीठ से लिया आशीर्वाद



**राजनांदगांव।**

ग्राम आमगांव (कुमरदा) में आयोजित भव्य श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के पांचवे दिन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पंडित पूज्य महाराज श्री मुकुंद कृष्ण जी (ग्राम राका, धर्मनगरी डोंगरगढ़) द्वारा अंधक जन्म कथा एवं भगवान शिव के अवतरण प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं रोचक वर्णन किया गया। कथा के दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन होकर शिव महिमा का श्रवण करते नजर आए। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा।

पंडित श्री मुकुंद कृष्ण जी ने कथा के माध्यम से बताया कि भगवान शिव करुणा, त्याग, तप और धर्म के प्रतीक हैं। उनके अवतरण की कथाएं मानव जीवन को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। कथा श्रवण के दौरान कई श्रद्धालु भावविभोर होकर भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए।

**ईश्वर TV पर हो रहा है सीधा प्रसारण**

श्री शिव महापुराण कथा का प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से सायं 04 बजे तक धार्मिक एवं आध्यात्मिक चैनल ÷ईश्वर TV÷ पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है। इस लाइव प्रसारण के माध्यम से दूर-दराज एवं अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी घर बैठे इस पावन कथा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पंडित श्री मुकुंद कृष्ण जी अब तक महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों में 300 से अधिक शिव महापुराण एवं अन्य धार्मिक कथाओं का वाचन कर चुके हैं, जो विभिन्न टीवी चैनलों एवं डिजिटल माध्यमों से जन-जन तक प्रसारित हो रही हैं।

**पंचम दिवस में शामिल हुई गीता घासी साहू** - श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस पर प्रदेश पंचायत सह संयोजक एवं राजनांदगांव जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान कथा वाचक पंडित श्री मुकुंद कृष्ण जी से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिव महापुराण कथा जैसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखते हैं और युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ते हैं। उनके उद्बोधन के दौरान पूरा पंडाल ÷हर हर महादेव÷ के जयघोष से गूंज उठा।

उन्होंने आयोजन समिति को इस सफल, भव्य एवं अनुशासित आयोजन के लिए बधाई देते हुए ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान इस विशाल धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में संदीप भूमिका, कुसुम-होशांग, इंदू, लोकमणी, खुशबू, नोहिल, लक्ष्मण, चंद्रभान, रजभान, रवि, गज्जू, खिलावन सहित अनेक कार्यकर्ताओं का सक्रिय योगदान रहा।

## राष्ट्रीय युवा उत्सव, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय की छात्राएँ कुमारी कशिश प्रीत, रुंझुन मोरे, प्रत्यूसा दास, अंजली भारती करेंगे भागीदार

**संवाददाता।**

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की परिकल्पना के अनुरूप वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से आयोजित ÷ विकसित भारत यंग लीडर डायलाग÷ कार्यक्रम के तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से संबंधित कृषि महाविद्यालय, राजनांदगांव की चार छात्राओं का चयन राष्ट्रीय युवा उत्सव में भागीदारी सुनिश्चित हुई है। पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय की छात्राएं कुमारी कशिश प्रीत, रुंझुन मोरे, प्रत्यूसा दास, अंजली भारती ने इस उपलब्धि के साथ महाविद्यालय और विश्विद्यालय को गौरवांवित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य के 75 युवा में से 45 युवा विकसित भारत यंग लीडर डायलाग के माध्यम से सम्मिलित किये गये हैं। यह चयन प्रक्रिया राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं की नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक भूमिका, सामाजिक प्रतिबद्धता और संस्कृतिक दक्षता को ध्यान मे रखते हुए की गई है राष्ट्रीय युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले चयनित युवाओं के सम्मान में दिनांक 6 जनवरी को सायं 5:30 बजे माननीय मुख्यमंत्री निवास, रायपुर में भव्य सेंड ऑफ सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित अनेक विशिष्ट अतिथि की गरिमा मयी उपस्थित रहेगी।

सेंड ऑफ सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान चयनित युवाओं को माननीय मुख्यमंत्री जी एवं विशिष्ट अतिथियों से संवाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा7 कार्यक्रम उपरांत प्रतिभागियों के लिए रात्रि भोज का आयोजन भी किया गया है सभी प्रतिभागि 7 जनवरी को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। नई दिल्ली में आयोजित युवा महोत्सव में प्रतिभागियों द्वश अपने विचार विशिष्ट अतिथि के मार्गदर्शन में माननीय प्रधानमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा, एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के साथ रात्री भोज का आयोजन भी किया गया है।

# माता शाकम्बरी की कृपा से समाज समृद्धि के पथ पर अग्रसर हो रहा - उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा

**उपमुख्यमंत्री ग्राम मैनपुरी, बीरुटोला, अमलीडीह, बरपेला टोला, सोहागपुर एवं घुघरीखुर्द में आयोजित शाकम्बरी जयंती समारोहों में हुए शामिल**



**मुख्यमंत्री ने ग्राम सोहागपुर में किचन शेड का किया लोकार्पण**

**कवर्धा,** माता शाकम्बरी जयंती के पावन एवं पुण्य अवसर पर शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा कबीरधाम जिले के ग्राम मैनपुरी, बीरुटोला, अमलीडीह, बरपेला टोला, सोहागपुर एवं घुघरीखुर्द ग्रामों में आयोजित जयंती समारोहों में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता शाकम्बरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं जिलेवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सोहागपुर ग्राम में किचन शेड का विधिवत लोकार्पण भी किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने समाजजनों को संबोधित करते हुए माता शाकम्बरी के आदर्शों, सामाजिक समरसता, परिश्रम और सहकारिता की भावना पर प्रकाश डाला तथा कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकता के सूत्र में बांधने के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इस दौरान उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली।उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पटेल समाज सदैव से परिश्रमी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी समाज रहा है। माता शाकम्बरी की कृपा से यह समाज धन-धान्य से सम्पन्न रहा है और उसने हमेशा मिल-जुलकर कार्य करने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। मरार-पटेल समाज के भाव में सहकारिता निहित है, जिसके बल पर समाज और सरकार मिलकर विकास के अनेक कार्यों को सफ्लतापूर्वक आगे बढ़ा सकते हैं।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पटेल समाज अपने उद्यम, श्रम और पुरुषार्थ से न केवल स्वयं आगे बढ़ा है, बल्कि समाज के अन्य वर्गों के पोषण और सहयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। आज आवश्यकता है कि अन्य समाज भी पटेल समाज के परिश्रम, अनुशासन और सामूहिकता से सीख लें। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने माता शाकम्बरी से प्रार्थना करते हुए कहा कि माता की कृपा से सभी के घरों में धन-धान्य की वर्षा हो, खेत-खलिहान लहलहाते रहें, सभी नागरिक स्वस्थ और सुखी रहें तथा क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर गांव, गरीब, किसान और श्रमिक के उत्थान के लिए सतत प्रयास कर रही है।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने विभिन्न ग्रामों में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति की भी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए, इसके लिए सभी को मिलकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। इस अवसर पर जिला भोयरा मरार पटेल समाज के अध्यक्ष शंकर पटेल, संतोष पटेल, परदेशी पटेल, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, विजय पटेल, बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्री राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, लोहारा अध्यक्ष संतोष मिश्रा, संतोष पटेल, कांतिराम पटेल, भगत पटेल, ललिता सुखदास पटेल, भीम सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट, तीरथ पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

रायपुर राजधानी रायपुर के पंडरी थाना क्षेत्र में आज सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पंडरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक रेलवे ट्रैक के पास मौजूद था, तभी तेज रफ्तार से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मालगाड़ी को कुछ देर के लिए रोका गया, वहीं घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसा अचानक हुआ और युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला।ूचना मिलने पर पंडरी थाना स्टाफतत्काल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ भी की, ताकि हादसे के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके।मामले में जानकारी देते हुए पंडरी थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फ्लिहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों में सूचना भेज रही है और गुमशुदगी के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक की मौत मालगाड़ी की चपेट में आने से होना प्रतीत हो रही है। हालांकि यह हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

## रायपुर में गुंडागर्दी का सनसनीखेज मामला, व्हाट्सऐप ग्रुप विवाद पर सोसायटी में मारपीट

**रायपुर,** राजधानी रायपुर से मारपीट और खुलेआम गुंडागर्दी का गंभीर मामला सामने आया है। मुजगहन थाना क्षेत्र में स्थित एक रिहायशी सोसायटी में व्हाट्सऐप ग्रुप में किए गए मैसेज को लेकर उपजा विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि राहुल जैन ने अपने कई साथियों के साथ मिलकर सोसायटी के रहवासियों पर हमला कर दिया। इस दौरान न सिर्फ पुरुषों के साथ मारपीट की गई, बल्कि महिलाओं के साथ भी हाथापाई और बदसलूकी का आरोप लगा है। घटना के दौरान सोसायटी के गार्ड और सुरक्षा व्यवस्था को भी निशाना बनाया गया। हमलावरों ने गार्ड रूम में तोड़फोड़ की और वहां मौजूद सामान को नुकसान पहुंचाया। पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में मारपीट, धक्का-मुक्की और अफ्रा-तफ्री का माहौल साफ देखा जा सकता है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोसायटी के व्हाट्सऐप ग्रुप में किसी मुद्दे को लेकर मैसेज किए गए थे, जिस पर राहुल जैन और उसके साथियों ने आपत्ति जताई। पहले कहासुनी हुई और फ्रि यह विवाद अचानक हिंसा में बदल गया। आरोप है कि राहुल जैन अपने साथ कई युवकों को लेकर सोसायटी में पहुंचा और रहवासियों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब कुछ महिलाओं ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद सोसायटी के रहवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि राजधानी जैसे शहर में इस तरह की गुंडागर्दी कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। रहवासियों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मुजगहन थाना में एफ्आईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि वीडियो फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि घटना में कितने लोग शामिल थे और क्या पहले से किसी तरह की रंजिश थी। फ्लिहाल पुलिस ने सोसायटी में अतिरिक्त गश्त बढ़ा दी है ताकि स्थिति सामान्य बनी रहे।

## गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होंगी 'लखपति दीदी–लता साहू'

रायपुर(संवाददाता)।

ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बिहान योजना आज जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव की सशक्त मिसाल बन चुकी है। इसी योजना से जुड़कर कबीरधाम जिले के ग्राम सेमो की लता साहू ने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और महिला स्व-सहायता समूह की ताकत से सफ्लता की प्रेरक कहानी लिखी है। लता साहू की आर्थिक स्थिति पहले सामान्य थी। सीमित आय के कारण परिवार की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन हो जाता था। ऐसे समय में उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया, जो उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ।



समूह से जुड़ने के बाद उन्हें न केवल बचत की आदत पड़ी, बल्कि समूह के माध्यम से आजीविका ऋण भी प्राप्त हुआ। इस ऋण राशि का सदुपयोग करते हुए लता साहू ने टेंट एवं कैटरिंग व्यवसाय की शुरुआत की। प्रारंभ में छोटे स्तर पर शुरू किया गया यह व्यवसाय धीरे-धीरे उनकी आय का स्थायी और मजबूत साधन बन गया। समय पर कार्य, गुणवत्ता और निरंतर मेहनत के बल पर उनका व्यवसाय लगातार आगे बढ़ता गया, जिससे उनकी मासिक एवं वार्षिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आज लता साहू ÷लखपति दीदी÷ के रूप में पहचानी जाती हैं। वे न केवल स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं, बल्कि अपने परिवार की जरूरतों को आत्मसम्मान के साथ पूरा करने में भी सक्षम बनी हैं।

लता साहू की सफ्लता ने महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया है। आज कई महिलाएं उन्हें आदर्श मानकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। लता साहू कहती हैं कि ÷बिहान योजना ने मुझे आत्मविश्वास दिया। समूह की ताकत और सही मार्गदर्शन से मैं आज अपने पैरों पर खड़ी हूं। आज लता साहू पूरे कबीरधाम जिले के लिए प्रेरणा और मिसाल बन चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा, जो न केवल उनके लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है।से बचाने का एक बेहतरीन माध्यम भी है।

## दोगुना मुनाफा दिलाने के नाम पर 1.31 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी,

बिलासपुर, दोगुनी रकम कमाने का लालच देकर एक व्यक्ति से 1 करोड़ 31 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।जानकारी के अनुसार, हेमूनगर निवासी कुलवीर सिंह भट्टी पहले हैवंस कंपनी में कार्यरत थे। बाद में उन्होंने नौकरी छोड़ दी। मई 2025 में उनके मोबाइल पर अनजान मोबाइल नंबर से एक लिंक आया। उन्होंने लिंक सर्च किया तो मैसेज आया। उसमें पैसा लगाने पर दोगुना कमाने की बात कही गई थी।ठगों की बातों में आकर कुलवीर सिंह भट्टी ने पैसे जमा करना शुरू कर दिया। मोबाइल धारकों ने अलग-अलग तरीकों से झांसा देकर उनसे लगातार रकम जमा करवाई। इसके लिए उन्होंने घर के जेवरात गिरवी रखे और रिश्तेदारों से उधार लेकर भी पैसे जमा किए। करीब 8 माह के भीतर उन्होंने कुल 1 करोड़ 31 लाख रुपये निवेश कर दिए।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से हरिशंकर पटेल की बदली तकदीर

रायपुर(संवाददाता)।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ग्रामीण अंचलों में स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। इस योजना का प्रभावी उदाहरण रायगढ़ विकासखंड के ग्राम कलमी निवासी श्री हरिशंकर पटेल हैं, जिन्होंने शासन की योजना का लाभ उठाकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की, बल्कि मछली पालन के क्षेत्र में एक सफ्ल और आत्मनिर्भर मत्स्य कृषक के रूप में पहचान स्थापित की है। लगभग पाँच वर्षों से मत्स्य पालन से जुड़े श्री हरिशंकर पटेल ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत ÷स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण÷ योजना का लाभ लिया। उन्होंने अपनी निजी भूमि पर 0.607 हेक्टेयर क्षेत्रफ्ल में तालाब का निर्माण कर वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन की शुरुआत की। सामान्य वर्ग के मत्स्य कृषक होने के कारण उन्हें योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत अनुदान प्राप्त हुआ,



जिससे तालाब निर्माण एवं प्रारंभिक व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सहयोग मिला।

मत्स्य पालन विभाग द्वारा उन्हें रोहु, कतला एवं मृगल जैसी उन्नत प्रजातियों के मत्स्य बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए गए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने स्वयं के संसाधनों से पंगास और रूपचंदा मछली के बीज का संचयन भी किया, जिससे उत्पादन में विविधता आई और आय के नए अवसर सृजित हुए। श्री पटेल प्रतिवर्ष नवंबर से जनवरी के मध्य मत्स्याखेट करते हैं।

बाजार में उनके द्वारा उत्पादित कतला, रोहु एवं मृगल मछलियां 160 से 180 रुपए प्रति किलोग्राम, रूपचंदा 130 रुपए प्रति किलोग्राम तथा पंगास 110 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय होती हैं। बेहतर प्रबंधन, समय पर बीज संचयन एवं वैज्ञानिक पद्धति अपनाने के कारण उनके तालाब से निरंतर उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में श्री हरिशंकर पटेल प्रतिवर्ष लगभग 60 से 70 क्विंटल मछली का उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें सालाना 2.50 लाख से 3 लाख रुपए तक का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। यह आय न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की ओर भी अग्रसर कर रही है।हरिशंकर पटेल वर्तमान में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के सफ्ल लाभार्थी के रूप में अन्य मत्स्य कृषकों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। उनकी सफ्लता यह संदेश देती है कि यदि शासन की योजनाओं का सही दिशा में और वैज्ञानिक तरीके से लाभ उठाया जाए, तो ग्रामीण क्षेत्र में रहकर भी सम्मानजनक आय और स्थायी रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

## एटीएम को उखाड़ कर पैसे लूटने का था प्लान, लेकिन पहुंच गई पुलिस

जशपुर. छत्तीसगढ़ के जशपुर में पुलिस की मुस्तैदी ने बड़ी चोरी की वारदात को होने से पहले ही नाकाम कर दिया. कुनकुरी के नेशनल हाइवे-43 पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को निशाना बनाने पहुंचे नकाबपोश बदमाशों की पूरी प्लानिंग उस वक्त धरी रह गई, जब गश्त पर निकली पुलिस टीम अचानक मौके पर पहुंच गई।जानकारी के मुताबिक, कुनकुरी के नेशनल हाइवे-43 स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को पीकअप की मदद से उखाड़ दिया. उन्होंने सीसीटीवी कैमरे से बचने लिए उसपर ब्लैक स्प्रे कर दिया. इस बीच गश्त पर निकली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई. पुलिस को देख नकाबपोश चोरों में हड़कंप मच गया और वह भागने लगे. हालांकि उनके हौसंले बुलंद थे कि पुलिस टीम की टीम पर पथराव कर दिया. राहत की बात रही कि किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई.पुलिस की तत्परता से बदमाश एटीएम से कोई भी रकम ले जाने में सफ्ल नहीं हो सके. वह पिकअप वाहन को आधे रास्ते में छोड़कर फ्रार हो गए. पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

## सालभर में 1442 चोरी की वारदात, यातायात नियमों के उल्लंघन पर 14 करोड़ से अधिक का जुर्माना

**राजधानी में हर 4 दिन में औसतन 1 हत्या,**

**सड़क दुर्घटनाओं के दौरान मृत्यु दर में 4 प्रतिशत की वृद्धिज स्स्क लाल उमेद सिंह ने पेश किया 2025 का रिपोर्ट कार्ड**

रायपुर संवाददाता



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर आज पुलिस प्रशासन ने वर्ष 2025 का विस्तृत लेखा-जोखा सार्वजनिक किया। रायपुर पुलिस द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने जिले में दर्ज अपराधों के आंकड़े विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किए। प्रेस वार्ता में पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बीते वर्ष पुलिस ने अपराध नियंत्रण, नशे के खिलाफ अभियान, साइबर अपराध और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक स्तर पर सखूत और प्रभावी कार्रवाई की है। 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 के बीच रायपुर जिले में कुल 15,885 एफ्आईआर दर्ज की गईं, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या 17,703 थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि कुल अपराधों में गिरावट दर्ज की गई है।प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में हत्या के 90 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें से 85 मामलों का सफ्ल खुलासा करते हुए पुलिस ने 167 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं हत्या के प्रयास के 97 मामलों में 213 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।इन आकड़ों के हिसाब से राजधानी में हर 4 दिन में औसतन 1 हत्या हुई है, जबकि, लगभग इतने ही हत्या के प्रयास के मामले है। जो की चिंता का विषय है।एसएसपी सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में डकैती के 7 मामलों में से 6 मामलों का खुलासा कर 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, लूट के 71 मामलों में 137 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई, चोरी के 1,442 मामले दर्ज हुए, जो वर्ष 2024 के 1,497 मामलों से कम हैं। साल 2025 में राजधानी में हर 4 दिन में औसतन 1 चोरी की वारदात हुई है। वहीं इस दौरान नकबजनी के 473 मामले सामने आए, जबकि 2024 में यह संख्या 526 थी। इन आंकड़ों से चोरी और नकबजनी जैसे अपराधों में कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।एसएसपी डॉ. सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में एनडीपीएस एक्ट के तहत 271 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 445 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन मामलों में करीब 2 करोड़ 78 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, वाहन और अन्य सामग्री जब्त की गई।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कई अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क से जुड़े लोग भी शामिल हैं, जिन पर कार्रवाई कर नेटवर्क को ध्वस्त किया गया।प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसएसपी ने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त 8,680 ऑनलाइन ठगी की शिकायतों पर कार्रवाई की गई। इन मामलों में 11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि होल्ड कराई गई, जबकि 90 लाख रुपये से ज्यादा की रकम पीड़ितों को वापस दिलाई गई।सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन और अवैध गतिविधियों से जुड़े 95 से अधिक पोस्ट हटवाए गए, साथ ही फर्जी आईडी को ब्लॉक किया गया।सड़क सुरक्षा के मोर्चे पर आंकड़े मिश्रित तस्वीर पेश करते हैं। वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं की कुल संख्या में भले ही मामूली कमी दर्ज की गई हो, लेकिन इनमें होने वाली मौतों की संख्या चिंता का विषय बनी हुई है। वर्ष 2024 में जहां 2,079 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं, वहीं 2025 में यह आंकड़ा घटकर 2,063 रह गया। इसके बावजूद दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ी है। वर्ष 2024 में 594 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 618 हो गई। इस तरह सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर में करीब 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर वर्ष 2025 में विशेष अभियान चलाए गए। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 1,44,050 चालानी कार्रवाई की गई, जिससे 14 करोड़ 32 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। जबकि, साल 2024 में 10 करोड़ 75 लाख वसूला गया था। साल 2025 में ड्रिंक-एंड-ड्राइव के 1537 मामले दर्ज किए गए। यातायात जागरूकता के लिए 653 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे लाखों नागरिकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया।आर्म्स एक्ट के तहत 561 मामलों में 566 आरोपियों पर कार्रवाई की गई।

## पीएम सूर्यघर योजना से रोशन हुआ शिक्षक राजेश साहू का घर

**रायपुर** ।बलौदाबाजार भाटापारा जिले के संजय नगर कॉलोनी निवासी और पेशे से शिक्षक राजेश साहू के जीवन में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एक नई रोशनी लेकर आई है। सोशल मीडिया के माध्यम से इस योजना के विज्ञापन से प्रेरित होकर राजेश ने बिजली विभाग के कार्यालय में जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की और इस योजना की महत्ता को समझते हुए तत्काल अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल सिस्टम लगवाने का निर्णय लिया। शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के तहत उन्हें न केवल सुलभ किस्तों में सिस्टम लगाने की सुविधा मिली, बल्कि नियमानुसार सरकार से आकर्षक सब्सिडी का लाभ भी प्राप्त हुआ। सोलर पैनल स्थापित होने के बाद अब राजेश साहू का घर पूरी तरह सौर ऊर्जा से ऊर्जित हो रहा है, जिससे उन्हें हर



महीने आने वाले भारी-भरकम बिजली बिल की चिंता से हमेशा के लिए छुटकारा मिल गया है। इस सकारात्मक बदलाव और आर्थिक राहत से उत्साहित होकर शिक्षक राजेश साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

उनका मानना है कि यह योजना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि मध्यमवर्गीय परिवारों को महंगाई के दौर में बिजली खर्च से बचाने का एक बेहतरीन माध्यम भी है।

## संपादकीय

### नेशनल हेराल्ड मामले में खुलासा आवश्यक

नेशनल हेराल्ड मामले में वैध एफआईआर ही मौजूद नहीं है। क्या ईडी के अधिकारियों को कानून की इतनी बुनियादी जानकारी भी नहीं है? या जब मामला विपक्षी नेताओं से संबंधित हो, तो वे नियम- कानून की कोई परवाह नहीं करते? नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं को राहत मिली, मीडिया की सुर्खियों में इसी पहलू को अहमियत दी गई है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने जो निर्णय दिया, उसका यह सिर्फ एक पक्ष है। लेकिन यह मूल बात नहीं है। कांग्रेस नेताओं को राहत इसलिए मिली, क्योंकि जज ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया।



राह में तूफ़ान को स्वीकार कर लिया,
चोट को मुस्कान सा स्वीकार कर लिया।

धूप में जलते हुए पाँवों में ताज़ा दर्द था,
रिवाज के नाम पर घाव का सम्मान रख लिया।

बूंद बनकर टूट जाना भी गँवारा था मगर,
सागर की दिशा में अपने को अनजान रख लिया।

लोग कहते कि अब टूटे हुए दिल का क्या,
हमने टूटे मन को अपनी पहचान रख लिया।

हमने सोचा कि पल में सुकून आ जाएगा,
परेशानी को खुद का समाधान रख लिया।

रात भर आंसू पिघलते रहे तकिये पर मगर,
सबेरे ही हँसकर दर्द का अरमान रख लिया।

संजीव ठोकरों की गूँज से सीखा सफ़र हमने,
हार को भी जीत का पहला पैमान रख लिया।

**– संजीव ठाकुर ।**

QR CODE SCAN कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp

Modimaya_ Vaidik_Netritva

Rashtriya Ekta

DLF-Vadra-Bhrasht Tantra

Silent Assassins Jan11,1966

Accursed & Jihadi Neighbour

# वेनेज़ुएला संकट : अमेरिकी निरंकुशता और वैश्विक कानूनों का हनन



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



वेनेज़ुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था वास्तव में नियम-कानूनों से संचालित होती है या फिर ताकतवर राष्ट्रों की इच्छा ही वैश्विक न्याय का नया मानदंड बन चुकी है। निश्चित तौर पर वेनेज़ुएला पर अमेरिकी हमला महाशक्तियों की निरंकुशता को दर्शा ही रहा है, यह वैश्विक कानूनों का अतिक्रमण भी है, जो अमेरिकी दादागिरी का त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण संकेत है, वह केवल लैटिन अमेरिका तक सीमित घटना नहीं है, बल्कि समूची दुनिया के लिये एक खतरनाक मिसाल है। अमेरिका ने जिस तरह से वेनेज़ुएला में सैन्य कार्रवाई करके वहां के राष्ट्रपति को गिरफ्तार किया है, उससे जुड़े कूटनीतिक, राजनीतिक और अन्तराष्ट्रीय कानून संबंधी सवाल जो खड़े हुए ही हैं, पर अमेरिका को हस्तक्षेप का अवसर देने के लिये मादुरो की नीतियां भी चर्चा में आई हैं। वेनेज़ुएला पर अमेरिकी हमले की वजहें हो सकती है, लेकिन ट्रंप को यह तो सुनिश्चित करना ही होगा कि यह राष्ट्र अस्थिरता का अड्डा न बन जाये।

अमेरिका और उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को वैश्विक शांति का मसीहा घोषित करते नहीं थकते, लेकिन उनकी नीतियां और कार्रवाइयाँ बार-बार युद्ध, हस्तक्षेप और सत्ता परिवर्तन की मानसिकता को उजागर करती हैं। यह वही अमेरिका है जो एक ओर लोकतंत्र, मानवाधिकार और संप्रभुता की दुहाई देता है, तो दूसरी ओर एक संप्रभु राष्ट्र पर आक्रमण और उसके राष्ट्रपति को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाना अंतर्राष्ट्रीय दादागिरी का दुर्लभ उदाहरण है। उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ट्रंप ने ऐलान किया है कि सत्ता परिवर्तन होने तक वाशिंगटन इस लैटिन अमेरिकी देश का संचालन करेगा। यह एक खतरनाक परंपरा है, जिसकी पुनरावृत्ति अमेरिकी महाद्वीप से बाहर होने की आशंका भी बलवती हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि निकोलस मादुरो के पतन के बाद वेनेज़ुएला में मिश्रित प्रतिक्रिया होगी। अंतर्राष्ट्रीय साजिशों से मादुरो को लगातार खलनायक बनाने की कोशिशों में एक वैश्विक तंत्र लगा हुआ था। इस तरह की दोहरी नीतियां केवल विडंबनापूर्ण नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिये घातक है। वेनेज़ुएला संकट को केवल मादुरो बनाम अमेरिका के टकराव के रूप में देखना वास्तविकता को सरलीकृत करना होगा। इसमें संदेह नहीं कि मादुरो सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन, दमनकारी नीतियों, चुनावी अनियमितताओं और मानवाधिकार हनन जैसे गंभीर आरोप रहे हैं। लाखों वेनेज़ुएलावासी देश छोड़ने को मजबूर हुए, अर्थव्यवस्था चरमरा गई और जनता त्रस्त हुई। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि किसी देश की आंतरिक विफलताओं को आधार बनाकर बाहरी सैन्य हस्तक्षेप को वैध ठहराना अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की आत्मा के विरुद्ध है। यदि यही मापदंड हो, तो दुनिया के अनेक देशों में बाहरी हस्तक्षेप का अंतहीन सिलसिला शुरू हो सकता है।

दरअसल, वैश्विक कूटनीति के जानकारों का मानना है कि वेनेज़ुएला के मामले में अमेरिका की असली चिंता न लोकतंत्र है और न ही मानवाधिकार, बल्कि वहां के विशाल तेल भंडार हैं। वेनेज़ुएला विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक पर बैठा देश है और ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण की अमेरिकी भूख कोई नई बात नहीं है। इराक, लीबिया और अफगानिस्तान इसके उदाहरण हैं, जहां 'लोकतंत्र स्थापना' के नाम पर हस्तक्षेप हुआ, लेकिन परिणामस्वरूप अस्थिरता, गृहयुद्ध और मानवीय संकट ही पैदा हुआ। ट्रंप का यह बयान कि मादुरो को पकड़ने के अभियान का खर्च वेनेज़ुएला के तेल राजस्व से वसूला जाएगा, इस पूरे घटनाक्रम की मंशा को बेनकाब करता है। यह कथन स्पष्ट करता है कि यह कार्रवाई न्याय या नैतिकता से नहीं, बल्कि संसाधनों पर नियंत्रण की साम्राज्यवादी सोच से प्रेरित है। किसी देश के प्राकृतिक संसाधनों पर इस तरह दावा करना उपनिवेशवादी मानसिकता का आधुनिक संस्करण है।

इस अमेरिकी कार्रवाई के भू-राजनीतिक परिणाम भी गहरे और दूरगामी होंगे। रूस और चीन ने इसे नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिये गंभीर खतरा बताया है। मादुरो के आलोचक रहे कुछ अमेरिकी सहयोगी देश भी अब खुलकर चिंता जता रहे हैं। यह संकट वैश्विक ध्रूवीकरण को और तेज कर सकता है। विशेष रूप से चीन को इस घटनाक्रम से अपनी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर ताइवान पर अमेरिकी आलोचना को कमजोर करने का अवसर मिल सकता है। यदि अमेरिका स्वयं संप्रभुता का उल्लंघन करता है, तो वह दूसरों को किस नैतिक आधार पर संयम की सलाह देगा? वेनेज़ुएला संकट का एक और चिंताजनक पहलू वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला प्रभाव है। तेल उत्पादन और आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता का सीधा असर अंतर्राष्ट्रीय बाजारों पर पड़ता है। तेल कीमतों में उछाल पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को झकझोर सकता है, विशेषकर विकासशील देशों को। भारत जैसे देशों के लिये यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है, जहां ऊर्जा आयात पर निर्भरता अधिक है। यही कारण है कि भारत ने इस घटनाक्रम पर संतुलित रुख अपनाते हुए चिंता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संवाद व कूटनीतिक समाधान की वकालत की है।

भारत का यह दृष्टिकोण न केवल व्यावहारिक है, बल्कि नैतिक रूप से भी अधिक जिम्मेदार है। युद्ध और हस्तक्षेप किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते। इतिहास गवाह है कि इराक और अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप के बाद अमेरिका को अंततः अपमानजनक विदाई का सामना करना पड़ा, लेकिन वे देश आज भी स्थिरता और शांति से कोसों दूर हैं। युद्ध शुरू करना भले आसान हो, लेकिन शांति और सुशासन स्थापित करना अत्यंत कठिन होता है-यह सत्य अमेरिका बार-बार भूलता रहा है। ट्रंप प्रशासन की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह स्वयं को शांति का अग्रदूत बताता है, लेकिन उसकी हर बड़ी विदेश नीति पहल टकराव और दबाव की राजनीति पर आधारित दिखती है। यह दोहरी मानसिकता न केवल अमेरिका की विश्वसनीयता को कमजोर करती है, बल्कि संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की प्रासंगिकता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि शक्तिशाली राष्ट्र अपने हितों के अनुसार नियम तोड़ने लगें, तो वैश्विक व्यवस्था अराजकता की ओर बढ़ेगी।

वेनेज़ुएला का संकट पूरी दुनिया के लिये एक चेतावनी है। यह बताता है कि आज भी शक्ति-राजनीति मानवता, शांति और कानून से ऊपर रखी जा रही है। जरूरत इस बात की है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय एकजुट होकर इस तरह के एकतरफा हस्तक्षेपों का विरोध करे और संवाद, कूटनीति तथा बहुपक्षीय समाधान को प्राथमिकता दे। किसी भी देश में सत्ता परिवर्तन का निर्णय वहां की जनता को करना चाहिए, न कि विदेशी सेनाओं को। अंततः, अमेरिका को यह समझना होगा कि किसी 'निरंकुश शासक' को हटाना शायद सैन्य शक्ति से संभव हो जाए, लेकिन किसी देश को स्थायी शांति, स्थिरता और समृद्धि देना केवल टैंकों और बमों से नहीं हो सकता। इसके लिये धैर्य, संवेदनशीलता और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के प्रति सम्मान आवश्यक है। यदि अमेरिका वास्तव में वैश्विक शांति का पक्षधर है, तो उसे अपनी दोहरी नीति त्यागनी होगी। अन्यथा, वेनेज़ुएला जैसी घटनाएँ बार-बार दोहराई जाएंगी और दुनिया एक और अस्थिर, असुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ती जाएगी।

**यह निजी विचार है।**

# राजतंत्र के फ़र्ज़ी जनतंत्र का मुख-श्रंगार

**पंकज शर्मा**

**मुद्दआ तो यह है कि सब जानते हैं कि मुद्दआ क्या है, मगर सब यह पूछने से पिंड छुड़ाते भाग रहे हैं कि मुद्दआ क्या है? जब तक हम सवालों का सामना नहीं करते, तब तक हर 365 दिनों बाद एक नया बरस आएगा, हर 365 दिनों बाद एक पुराना बरस जाएगा और हम अपने रेंगने की स्वाभाविक रफ़्तार को लंबी कूद का कीर्तिमान समझ कर निज़ाम-ए-हुकूमत के कनॉटप्लेस में फुदकते रहेंगे।**



2026 आ गया। 2025 चला गया। एक दिन 2026 भी चला जाएगा। यह आना-जाना लगा रहता है, लगा रहेगा। सो, क्या तो 2026 के आने से सुर्ख़रू होने का अहसास करना और क्या तो 2025 के जाने से अफ़सुर्दगी महसूस करना! मुझे तो दरअसल 2025 की विदाई से सुकून का ही बोध हुआ। जैसा कि हर बरस की अलविदाई पर होता है। नए साल के आगमन पर भी मेरा रोम-रोम रोमांचित नहीं हुआ। जैसा कि हर बरस भी नहीं होता है। अपनी तरुणाई के दिनों में भी मैं ने कभी कूद-फांद कर नए साल की अगवानी नहीं की। मेरी तो आज तक समझ में ही नहीं आया कि जो दिन अपने आप गुज़रे जा रहे हैं, उन की सालाना पायदान को लोग इतने मय-मस्त हो कर बलैयां लेने का अवसर मानते क्यों हैं?

किसी भी गुज़रे साल की बेहतरी में अपने योगदान का ईमानदारी से आकलन करने वाले ज़्यादातर लोग क्या यह सोच कर भीतर-ही-भीतर शर्मसार नहीं होते होंगे कि उन की भूमिका या तो नकारात्मक रही या वे तटस्थ बने रहने का अपराध करते रहे? किसी भी नवागत साल के मौक़े पर खुद को तरह-तरह के संकल्पों से लैस करने करने वालों में से अधिकतर लोग क्या बाद में अपने इस क्षणिक पराक्रम से निग़ाहें चुरा कर नहीं घूमते होंगे? नववर्ष पर सोशल मीडिया मंचों से ले कर अपने-अपने शहरों-कस्बों के कनॉटप्लेसों पर कमर मटकाने वालों में से कितने ऐसे होते होंगे, जो बाक़ी के 364 दिन हमारे समाज, संस्कृति और सियासत का गुलाबीपन बढ़ाने के लिए कुछ सार्थक करते हैं?

सच्चाई यह है कि हम ढकोसलों के पुजारी थे, हम आडंबरों के उपासक हैं और हम भविष्य में भी पाखंडों के अर्चक बने रहने का अभिशाप ले कर जन्मे हैं। हमारी समूची उत्सवधर्मिता और हमारे सारे तीज-त्योहार जब कभी निर्मल-पावन भाव से पगे रहे होंगे, रहे होंगे; आज वे ढोंग और दोहरेपन पर आधारित हैं और अपने-अपने प्रभुत्व के प्रदर्शन का माध्यम हैं। अब हमारा रोयां-रोयां इसी नकलीपन से सराबोर है। हम अपनी कृत्रिमता पर लाज से नहीं, गर्व से भरा महसूस करने लगे हैं। हम अपने खोखलेपन का ज़श्न मनाने लगे हैं। हम फलों की दुकान पर छिलके सजे होने को अपनी उपलब्धियों में शुमार करने लगे हैं। ऐसा करते वक़्त हम बेहयाई की सीमा पार करने लगे हैं।

हम अपनी फ़र्ज़ी जम्हूरियत पर इतराए घूम रहे हैं। हम जानबूझ कर जनतंत्र की हक़ीक़त का कूड़ा-करकट गलीचे के नीचे बुहारे बैठे हैं। हम इस असलियत का सामना करने से घबराते हैं कि हमारे कथित जनतंत्र के बरामदे को राजतंत्र का एक मज़बूत परकोटा घेरे हुए है। जनतंत्र में इस राजतंत्र की उपस्थिति से नावाकिफ़ रहना हमें सुविधाजनक लगता है। चूंकि यह स्वीकार्य हमें इस पाप-बोध से भर सकता है कि अगर हम यह जानते हैं तो इस का प्रतिकार करने के लिए क्या कर रहे हैं, इसलिए हम अनभिज्ञ होने का पाखंड रच रहे हैं।

लोकतंत्र आख़िर है क्या? सच सिर्फ़ इतना है कि राजतंत्र में एक राजा होता है और लोकतंत्र में राजपाट का हिस्सा-बांट सत्तासीन राजा के साथ कुछ विपक्षी राजाओं के बीच भी हो जाता है? अगर मुल्क़ की अधिकृत कमान संभाल रहे हुक्मरानों की राज-व्यवस्था दरबार-अधारित है तो क्या विपक्षी टीले दरबार-विहीन हैं? नहीं। उन का दरबार है तो इन के भी दरबार हैं। जब दरबार हैं तो सब के अपने-अपने दरबारी हैं। दरबारी हैं तो उन में आपसी होड़ है, आपसी दौड़ है। हर दरबार का राजा इस दौड़-होड़ का मंद-मंद मुस्कान के साथ आनंद ले रहा है। वह आश्वस्त है कि राजा का बेटा राजा बनेगा। वह मुतमईन है कि राजा की बेटी रानी बनेगी। बाक़ी सब को होड़-दौड़ के ढेंकुल झूले पर बिठाए रखो।

साल बीतते जाएंगे, मगर निज़ाम सामंती परंपरा से ही चलेंगे। रग-रग में बैठा सामंती भाव ही तो हमारे दिखावटी लोकतंत्र का रक्तबीज है। सत्तापक्ष के सामंत हैं तो प्रतिपक्ष के भी सामंत हैं। अगर सत्तापक्ष के सामंत उन की निजी सेवा में समर्पित उड़नखटोलों से आकाशमार्गी हैं तो प्रतिपक्षी सामंत कौन-से बैलगाड़ियों से सफ़र कर रहे हैं? नया साल तो सभी का हवाई द्वीप, लंदन और कम-से-कम गोवा में तो मन ही रहा है। सियासी कैनवस पर रंग तो उन के अपने-अपने चहेते कारिंदे ही बिखेर रहे हैं। जनतंत्र का 'जन' और लोकतंत्र का 'लोक' आप को कहीं दिखाई दे रहा है क्या? तो एक साल बीतने और दूसरा साल आने पर आप इतना क्यों ठुमक रहे हैं? इसीलिए न कि चूंकि दुनिया उम्मीद पर क़ायम है और आप अपनी इस उम्मीद को खोना नहीं चाहते हैं कि शायद इस साल चीज़ें बदल जाएंगी। मगर मेरा कहा मानिए और पूरी तरह निश्चिंत रहिए कि 2025 जाते रहेंगे और 2026 आते रहेंगे और कहीं कुछ नहीं बदलेगा।

इसलिए नहीं बदलेगा कि जैसे नया साल लाने में हमारा कौन-सा पसीना बहा होता है और फिर भी वह अपने आप आ जाता है और हम उसे आया देख मोहिनीअट्टम किए बिना रह नहीं पाते हैं, उसी तरह हम चाहते हैं कि हम हाथ-पर-हाथ धरे बैठे रहें और फिर भी राजतंत्र झकाझक जनतंत्र में तब्दील हो जाए। जब ऐसा हो जाए तो हम उछ्ल-उछ्ल कर इस का सेहरा अपने सिर पर बांध लें और स्वयं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी घोषित कर दें। मगर अगली सृष्टि की रचना तक ख़ुद-ब-ख़ुद तो ऐसा होने वाला है नहीं। साल के 365 दिन तो हमेशा-हमेशा से इतनी शाश्वत मासूमियत से भरे हुए हैं कि हर साल अपनी गति से अपने आप चलते रहते हैं और हमें नए साल के हवाले कर जाते हैं। मगर लोकतंत्र के राजतंत्र का संचालन करने वाले इतने भोले नहीं हैं कि हमें-आप को किसी नई व्यवस्था को गोद दे कर वानप्रस्थगामी हो जाएं।

सो, नए साल की अगवानी के कर्मकांड ने मुझे कभी आकर्षित नहीं किया। मुझे होली, दीवाली, दशहरे, ईद, क्रिसमस, वग़ैरह के धर्माचरण भी कभी नहीं लुभाते हैं। ये सब आनंदोत्सव जिन्हें मनाने हैं, शौक़ से मनाएं। वे उन्हें नहीं मनाएंगे तो लोक-जीवन पर क्या फ़र्क़ पड़ जाएगा? उन के मनाने से भी जगत-सुख में कौन-सी बढ़ोतरी होती जा रही है? मुख-श्रंगार के इन उपादानों से अगर इज़्तिमाई तंदुरुस्ती की आधारशिला फलती-फूलती होती तो क्या हम अपने सामाजिक जीवन में इस सड़ेगलेपन से रूबरू हो रहे होते? इसलिए ज़रूरत तो जड़ों को सींचने की है। देखें, 2026 में कौन कितनी जड़ें सींचता-खोदता है!

मैं जानता हूं कि नए साल के तीसरे ही दिन आप में से कइयों को मेरी ये बातें नश्तर लगेंगी। लगेंगी तो लगने दीजिए। मैं जानता हूं कि मुझे हताशावादी, निराशावादी, मनहूस जैसी उपाधियों से नवाज़ा जाएगा। नवाज़ने वालों को नवाज़ने दीजिए। मसला यह है ही नहीं कि कौन मुझे किस चश्मे से देखता है। मुद्दआ तो यह है कि सब जानते हैं कि मुद्दआ क्या है, मगर सब यह पूछने से पिंड छुड़ाते भाग रहे हैं कि मुद्दआ क्या है? जब तक हम सवालों का सामना नहीं करते, तब तक हर 365 दिनों बाद एक नया बरस आएगा, हर 365 दिनों बाद एक पुराना बरस जाएगा और हम अपने रेंगने की स्वाभाविक रफ़्तार को लंबी कूद का कीर्तिमान समझ कर निज़ाम-ए-हुकूमत के कनॉटप्लेस में फुदकते रहेंगे।

**यह निजी विचार है।**

# राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस जटिलताओं से घिर गई है

**अजय दीक्षित**

संसद में जिस प्रकार से चुनाव आयोग, चुनाव परिणामों और रिफॉर्म्स पर कांग्रेस और उनके नेता बहस करते नजर आ रहे हैं उससे यह लगता है कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस जटिलताओं से घिर गई है। राहुल गांधी को अभी भी समझ में नहीं आ रहा है कि पहले हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली,अब बिहार विधानसभा चुनावों में अपने साथी दलों में समन्वय में कमी और मुद्दों के दिवालिया पन हारी है और उसके बाद भी राहुल गांधी चुनाव आयोग को दोषी मानते हैं और वोट चोरी जैसे आंदोलन करते हैं। इतना ही नहीं वर्तमान सत्र में कांग्रेस इन्हीं मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहती है और भारतीय जनता पार्टी जैसी चतुर पार्टी कांग्रेस को बंदे मातरम् जैसे अपने एजेंडा पर ले आती है और कांग्रेस के पुरखो को भी घसीट रही है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश, बेनुगोपाल, मनोज झा, प्रमोद तिवारी,भी हड़प्रभ है कि राहुल गांधी को किशप्रकार समझाए।यद्यपि सरकार के मुद्दों की कमी नहीं परंतु नेताओं में कमी है कि वह जनमानस के मुद्दों पर बहस नहीं करना चाहते हैं।वरना महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, कानून व्यवस्था, विकास, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा,ऐसे मुद्दे हो सकते हैं जिन पर सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा जा सकता है। लेकिन कांग्रेस की जटिलताओं का पार नहीं है।वे घूम फिर कर मुस्लिम तुष्टिकरण, मतदाता सूचियों में गहन परीक्षण एसआईआर, ईवीएम पर आ जाते हैं और सरकार भी यही चाहती है क्योंकि उसके वोट बैंक में ये मुद्दे सटीक बैठते हैं।2024 के आम चुनाव में कांग्रेस 100 सीट जीतकर भारतीय जनता पार्टी के विजय रफ्तार को कुछ विराम लगाया था । केंद्र सरकार जेडीयू और टीडीपी की बैसाखियों पर आ गई थी मगर डेढ़ वर्ष में सब किया धरा समाप्त कर दिया। नौबत यहां तक आ गई कि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार विधानसभा चुनावों में हार चुकी है और 2026 में होने वाले पश्चिमी बंगाल, असम, तमिलनाडु,केरल विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस की नैया पार नहीं लगने वाली क्योंकि पश्चिमी उत्तर में तो कांग्रेस से तुड़मूल ने नाता तोड़ लिया है,असम में भारतीय जनता पार्टी से सीधी लड़ाई है, तमिलनाडु में जूनियर पार्टनर की तरफ डीएमके के साथ लड़ेगी ।केरल में वामपंथियों से मुकाबला है वहीं कांग्रेस को कुछ उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़,में कांग्रेस कमजोर आलाकमान के चलते अनिर्णय की स्थिति में है और झारखंड में तो बकायदा हेमंत सोरेन के बारे में कहा जा रहा है कि वह कभी भी भारतीय जनता पार्टी के गोद में बैठे मिलें । कर्नाटक, डीके शिवकुमार और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की लड़ाई में बदनाम हो चली है और राहुल गांधी कोई फैसला नहीं कर पा रहे हैं।यही हालत हिमाचल प्रदेश के हैं और यह सरकार तो इसलिए टिकी है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश को कांग्रेस सरकार गिराने से इंकार कर दिया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट खींच तान मचाए है। मप्र में कांग्रेस कमलनाथ, दिग्विजय सिंह,को हाशिए पर डाले हैं।जीतू पटवारी की दिग्विजय सिंह से नहीं पटती और दोनों इंदौर से है। पंजाब में नवज्योति सिंह सिद्धू ने आरोप लगाया है कि कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री बनने के लिए पांच सौ करोड़ का सूटकेस चाहिए। दिल्ली में कांग्रेस तीसरी पार्टी है, ओडिशा में तो मालूम ही नहीं कि कांग्रेस कहां है। पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस खत्म हो गई है।

**यह निजी विचार है।**

लोकशक्ति
www.lokshakti.in



# जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल ने 17वीं ईटीएफ बैठक की अध्यक्षता की

पीआईबी

**राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा गंगा नदी पुनरुद्धार के लिए एकीकृत और व्यापक ड्रेन मॉनिटरिंग डैशबोर्ड और स्मार्ट एसटीपी निगरानी तंत्र के माध्यम से नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी संचालित पहल की जा रही है**

प्रौद्योगिकी आधारित नदी पुनरुद्धार कार्य को गति प्रदान करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में आज अधिकार संपन्न कार्य समूह-ईटीएफकी 17वीं बैठक हुई। बैठक में नमामि गंगा कार्यक्रम के तहत आंकडों पर आधारित निर्णय लेने तथा निगरानी तंत्र और अनुपालन ढांचे मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें जल निकासी मानचित्रण और सीवेज उपचार ढांचे की बेहतर निगरानी पर विशेष जोर दिया गया।







बैठक में जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी तथा विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों के प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। इनमें जल संसाधन सचिव श्री वी एल कंथा राव, पेयजल एवं स्वच्छता सचिव श्री अशोक के के मीणा, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन-एनएमसीजी महानिदेशक श्री राजीव कुमार मित्तल, जल संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार श्री गौरव मसालदन, एनएमसीजी के उप महानिदेशक श्री नलिन श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक श्री बृजेंद्र स्वरूप, तकनीकी कार्यकारी निदेशक श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव; प्रशासनिक कार्यकारी निदेशक श्री एस पी वशिष्ठ, वित्त कार्यकारी निदेशक श्री भास्कर दासगुप्ता, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव श्री अनुराग श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक-उत्तर प्रदेश श्री जोगिंदर सिंह, शहरी विकास प्रधान सचिव बिहार श्री संदीप, पश्चिम बंगाल स्वच्छ गंगा राज्य मिशन की परियोजना निदेशक सुश्री नंदिनी घोष, झारखंड के परियोजना निदेशक श्री सूरज तथा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन तथा राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में केन्द्र सरकार के विद्युत मंत्रालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

जल शक्ति मंत्री ने प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए वर्तमान वर्ष में प्रदूषण नियंत्रण की 15 अवसंरचना परियोजनाएं पूरी होने की सराहना की और इसे गंगा पुनरुद्धार के निरंतर प्रयासों की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह बेहतर समन्वय, प्रभावी निगरानी और केन्द्रित कार्यान्वयन दर्शाता है, जिससे नदी के दीर्घकालिक पुनरुद्धार का मजबूत आधार तैयार हुआ है। इसमें उत्तर प्रदेश छह परियोजनाएं पूरी कर अग्रणी रहा, जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल ने क्रमशः चार और तीन परियोजनाएं पूरी की। उत्तराखंड और दिल्ली ने भी एक-एक परियोजना पूर्ण की।

बैठक में उपचारित अपशिष्ट जल के दोबारा इस्तेमाल, पैलियो-चैनल आधारित एक्विफर मैपिंग जैसे नवीन और अनुसंधान-आधारित समाधान अपनाने, जैव उपचार और नवीन सीवरेज उपचार परियोजनाओं, कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और अन्य संबंधित पहल पर जोर दिया गया। ये पहल संवहनीय और अनुकूल नदी प्रबंधन ढांचे के लिए आवश्यक हैं।

श्री पाटिल ने सभी राज्यों को राष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप उपचारित जल के सुरक्षित दोबारा उपयोग नीति शीघ्रता से पूरी करने के निर्देश दिये। नीतिगत प्रावधानों, स्पष्ट निर्धारित लक्ष्यों और अनुकूल परिस्थिति निर्मित कर राज्यों में उपचारित जल के सुरक्षित दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

श्री पाटिल ने उत्तर प्रदेश में गंगा नदी की जल निकासी प्रणाली (प्राकृतिक और मानव निर्मित) मानचित्रण और विश्लेषण मॉड्यूल तथा जियोटैग्ड वीडियोग्राफी के साथ जीआईएस-आधारित विज़ुअलाइज़ेशन डैशबोर्ड विकसित करने हेतु हवाई सर्वेक्षण परियोजना के कार्यान्वयन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नमामि गंगा परियोजना के अंतर्गत अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित समर्थन के लिए उन्नत भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों के लिए इस पहल का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गंगा के मुख्य मार्ग पर उच्च-रिज़ॉल्यूशन क्षमता के हवाई सर्वेक्षण पूरे हो गये हैं, जिससे सटीक भू-स्थानिक डेटासेट तैयार हुआ है। इन्हें 2डी और 3डी विज़ुअलाइज़ेशन क्षमता वाले लाइव जीआईएस-आधारित ड्रेन डैशबोर्ड में समेकित किया जा रहा है।

यह डैशबोर्ड बेसिन में प्रदूषण निगरानी, प्रदूषण के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान और निकासी के सुधार उपायों को प्राथमिकता देने में सहायक है। इस विशिष्ट पहल में लेज़र प्रकाश के उपयोग से वस्तुओं की दूरी और पर्यावरण का सटीक 3डी मानचित्र बनाने वाली एक रिमोट सेंसिंग तकनीक -लिडार प्रणाली आधारित वैज्ञानिक डेटा को ड्रोन सर्वेक्षण से प्राप्त दृश्य डेटा के साथ जोड़ा गया है। श्री पाटिल ने जिला गंगा समितियों द्वारा समय पर जमीनी स्तर पर सत्यापन, राज्यों और विभागों में बेहतर तालमेल और भागीदारी पर जोर दिया ताकि लक्षित कार्यों द्वारा निकासी आधारित प्रदूषण प्रबंधन बेहतर बनाया जा सके।



राष्ट्रीय कैडेट कोर गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) 2026 का उद्घाटन किया।

## भारतीय कृषि में वहनीयता तथा उत्पादकता सुनिश्चित

**संतुलित उर्वरीकरण को समर्थन: रबी 2025-26 के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें**

संवाददाता

मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने, फसल उत्पादकता बढ़ाने तथा दीर्घकालिक कृषि स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए संतुलित उर्वरीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे ध्यान में रखते हुए भारत सरकार पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना को निरंतर प्राथमिकता देती रही है। यह एक महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप है, जिसके माध्यम से किसानों को प्रमुख पोषक तत्व वहनीय मूल्यों पर उपलब्ध कराकर उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित किया जाता है। रबी मौसम 2025-26 के लिए संशोधित एनबीएस दरों की घोषणा पोषक तत्व प्रबंधन को सुदृढ़ करने के साथ-साथ किसानों की आदान (इनपुट) लागत को नियंत्रण में रखने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



भारत सरकार ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना पेश की, जो 1 अप्रैल 2010 से प्रभाव में आई। यह योजना उर्वरक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण नीतिगत परिवर्तन का प्रतीक थी, जिसका उद्देश्य किसानों को सब्सिडीयुक्त, वहनीय तथा न्यायसंगत मूल्यों पर उर्वरक उपलब्ध कराना और साथ ही, उनके संतुलित एवं सक्षम उपयोग को प्रोत्साहित करना था।

एनबीएस ढांचे के अंतर्गत उर्वरकों पर सब्सिडी का निर्धारण उनके पोषक तत्वों की मात्रा के आधार पर किया जाता है, जिसमें मुख्य रूप से एनपीकेएस–नाइट्रोजन (एन), फॉस्फोरस (पी), पोटाश (के) तथा सल्फर (एस)–शामिल हैं। यह दृष्टिकोण न केवल पोषक तत्वों के संतुलित प्रयोग को प्रोत्साहित करता है, बल्कि किसानों को अपनी मृदा एवं फसलों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप पूरी जानकारी के साथ निर्णय लेने में भी सक्षम बनाता है। द्वितीयक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग को बढ़ावा देकर यह योजना उर्वरकों के असंतुलित उपयोग के कारण होने वाले मृदा क्षरण तथा पोषक तत्व असंतुलन जैसी समस्याओं के समाधान में भी सहायक सिद्ध होती है।

## उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में एनसीसी कैडेटों को संबोधित किया

**उपराष्ट्रपति ने कैडेटों से कहा आप नए भारत की पहचान हैं**

पीआईबी

उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने 5 जनवरी, 2026 को दिल्ली कैंट स्थित डीजी एनसीसी कैंप में राष्ट्रीय कैडेट कोर गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) 2026 का उद्घाटन किया। देश भर के 17 एनसीसी निदेशालयों से 898 महिला कैडेट सहित कुल 2406 कैडेट गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) 2026 में भाग ले रहे हैं, जिसका समापन 28 जनवरी, 2026 को प्रधानमंत्री रैली के साथ होगा। ये कैडेट सर्वश्रेष्ठ कैडेट प्रतियोगिता, लघु शस्त्र फायरिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और गणतंत्र दिवस परेड मार्चिंग दस्ते जैसे कई कार्यकलापों में भाग लेंगे। सेना, नौसेना और वायु सेना से आए एनसीसी कैडेटों ने उपराष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद गुवाहाटी स्थित सेंट फ्रांसिस डी सेल्स स्कूल, एनईआर निदेशालय की छात्राओं ने बैंड की मनमोहक प्रस्तुति दी । उपराष्ट्रपति ने एनसीसी हॉल ऑफ फेम का भी दौरा किया।

उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को संबोधित करते हुए युवाओं और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य अनुशासित, कुशल और मूल्यों से प्रेरित युवाओं पर निर्भर करता है, जिसमें एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपराष्ट्रपति ने एनसीसी की 78 साल की विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीसी ने लगातार जिम्मेदार, आत्मविश्वासी और देशभक्त नागरिकों का पोषण किया है जो वर्ष 2047 में विकसित भारत की नींव रखेंगे।



उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा - ÷आप गणतंत्र दिवस शिविर में केवल प्रतिभागी नहीं हैं, बल्कि नए भारत की पहचान हैं,÷ उन्होंने साहसिक गतिविधियों, यूथ एक्सचेंज कार्यक्रमों, पर्वतारोहण अभियानों और वर्ष 2025 में 10 एनसीसी कैडेटों द्वारा माउंट एवरेस्ट की सफलतापूर्वक चढ़ाई करने के लिए कैडेटों की सराहना की।

श्री राधाकृष्णन ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नागरिक सुरक्षा और आपदा राहत कार्यों में स्वेच्छा से अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले 75000 एनसीसी जवानों के अनुकरणीय योगदान की सराहना की। उन्होंने वायनाड बाढ़ राहत कार्य, पुनीत सागर अभियान, एक पेड़ मां के नाम, नशा मुक्त अभियान, रक्तदान अभियान और हर घर तिरंगा अभियान सहित सामाजिक और पर्यावरणीय पहलों में कैडेटों की सक्रिय भागीदारी की भी प्रशंसा की। श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ कैडेटों द्वारा प्रस्तुत एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। उन्होंने एनसीसी कैडेटों को गणतंत्र दिवस शिविर 2026 के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

## अचानकमार टाइगर रिजर्व में अवैध प्रवेश पर सख्त कार्रवाई




रायपुर अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित कोर जोन से लगे क्षेत्र में अवैध रूप से घुसकर हथियार लहराने के मामले में अचानकमार प्रबंधन ने सख्त कार्रवाई की है । सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेते ही वन विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस विभाग के सहयोग से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 2 एयर राइफल और एक टाटा सफ ारी स्टॉर्म वाहन जब्त किया गया है। छत्तीसगढ़ में अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रतिबंधित कोर जोन से लगे क्षेत्र में हथियार लहराने और गोलीबारी करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजीत वैष्णव (26 वर्ष), अनिकेत (27 वर्ष) एवं विक्रांत वैष्णव (36 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय ने उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# पूर्वावलोकन - आईएनएस चिल्का में प्रशिक्षुओं के 25वें बैच की पासिंग आउट परेड

पीआईबी

प्रशिक्षुओं के 25वें बैच की पासिंग आउट परेड (पीओपी) 8 जनवरी 2026 को आईएनएस चिल्का में आयोजित की जाएगी। यह परेड 16 सप्ताह के कठोर प्रारंभिक प्रशिक्षण की सफल समाप्ति का प्रतीक है, जो उन्हें आधुनिक नौसेना संचालन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है।

उत्तीर्ण होने वाले बैच में लगभग 2,700 प्रशिक्षु शामिल हैं, जिनमें 2,100 अग्निवीर (110 से अधिक महिलाएं) हैं। यह आयोजन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है क्योंकि अग्निवीर राष्ट्र सेवा की अपनी यात्रा आरंभ कर रहे हैं।

दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना मुख्य अतिथि होंगे और सूर्यास्त के बाद होने वाले समारोह का निरीक्षण करेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षुओं के गौरवान्वित परिवार, विशिष्ट पूर्व सैनिक और प्रख्यात खेल हस्तियां भी उपस्थित रहेंगी।



पासिंग आउट परेड भारतीय नौसेना द्वारा पेशेवर लड़ाकू बल की नींव के रूप में प्रशिक्षण पर दिए जाने वाले महत्व का प्रमाण है। आईएनएस चिल्का नए रंगरूटों को निडर नाविकों में रूपांतरित करने, अनुशासन, दृढ़ता और उन्नत नौसैनिक प्लेटफार्मों पर सेवा देने के लिए आवश्यक पेशेवर दक्षता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्य अतिथि विदाई समारोह की अध्यक्षता करेंगे और मेधावी प्रशिक्षुओं तथा चैम्पियन डिवीजन को पुरस्कार एवं ट्राफियां प्रदान करेंगे। इस अवसर पर द्विभाषी प्रशिक्षु पत्रिका 'अंकुर' का विमोचन किया जाएगा। पीओपी का सीधा प्रसारण भारतीय नौसेना के यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेज और क्षेत्रीय दूरदर्शन नेटवर्क पर किया जाएगा।

## भारतीय रेल ने चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाही में अपने पूंजीगत व्यय का 80 प्रतिशत से अधिक का उपयोग किया



**पीआईबी।** भारतीय रेल आधुनिक एवं बेहतर संपर्क परिकल्पना के अनुरूप भविष्य के लिए तैयार संगठन में बदलकर सस्ती दर पर देश भर में तेज सुरक्षित और विश्व स्तरीय रेल सेवा यात्रा प्रदान कर रहा है। इस केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, भारतीय रेल ने 2025-26 के लिए आवंटित सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) परिव्यय में मजबूत प्रवृत्ति बनाए रखी है।

भारतीय रेल ने दिसंबर 2025 के अंत तक, 2,52,200 करोड़ रुपये की कुल सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) में से 80 दशमलव पांच चार प्रतिशत 2,03,138 करोड़ रुपये व्यय किए हैं जो पिछले वर्ष (दिसंबर 2024) की इसी अवधि की तुलना में जीबीएस उपयोग में 6 दशमलव पांच चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। ये व्यय मुख्य रूप से सुरक्षा उपायों, क्षमता वर्धन, बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं पर किए गए हैं।

सुरक्षा श्रेणी में आवंटित धनराशि का 84 प्रतिशत उपयोग किया गया है। क्षमता वृद्धि के लिए आवंटित 1,09,238 करोड़ रुपये में से 76,048 करोड़ रुपये (69 प्रतिशत) खर्च किए गए हैं। ग्राहक सुविधाओं में 80 प्रतिशत आवंटित धन का उपयोग किया गया है। इसमें दिसंबर 2025 तक 9,575 करोड़ रुपये का व्यय शामिल है। पिछले एक दशक में पूंजीगत व्यय - कैपेक्स में निरंतरता से 164 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं, 30 अमृत भारत ट्रेन सेवाएं, स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच के कार्यान्वयन, ब्रॉड-गेज नेटवर्क के 99 प्रतिशत से अधिक विद्युतीकरण, और नई लाइनों, गेज रूपांतरण, ट्रैक दोहरीकरण, यातायात सुविधाओं, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश तथा महानगरीय परिवहन प्रणालियों से संबंधित व्यापक कार्य किए गए हैं।

# कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने ली साप्ताहिक समय-सीमा बैठक

## गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को सौंपे दायित्व

जांजगीर-चांपा /

**कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं, समय-सीमा के लंबित प्रकरणों तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने धान खरीदी व्यवस्था, शिक्षा विभाग की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति एवं प्रशासनिक सुधारों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का क्रियान्वयन पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए।**



कलेक्टर श्री महोबे ने प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंकों को अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों का त्वरित परीक्षण कर समयबद्ध स्वीकृति देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आजीविका एवं रोजगार ऋण मेले में योजना से संबंधित स्टॉल अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि योजना का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। बैठक में बताया गया कि जिले को योजना अंतर्गत कुल 885 ऋण प्रकरणों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कलेक्टर ने लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि भारत सरकार के मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित आई-गॉट कर्मयोगी ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से सभी विभागों में शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके तहत आई-गॉट पोर्टल एवं ईएचआरएमएस के माध्यम से पंजीयन कराने का निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की निगरानी अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। इस पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, समय-सीमा एवं गुणवत्ता की नियमित अद्यतन जानकारी दर्ज करने तथा लंबित कार्यों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंच सके और पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में जिले में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र की समीक्षा करते हुए कुपोषित बच्चों के उपचार, नियमित निगरानी, पोषण आहार की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग के समन्वय से प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित हितग्राहिमूलक योजनाओं में सभी हितग्राहियों का शत प्रतिशत ई-केवायसी करें, जिससे सभी पात्र हितग्राहियों योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेंद्र सिंह, अपर कलेक्टर श्री आर. के. तंबोली, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उदयन बेहार, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य मंच की सजावट, ध्वजारोहण, हर्ष फायर, परेड रिहर्सल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण पत्र वितरण, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, गुब्बारों की सजावट, आकर्षक झांकियां, पुरस्कार वितरण तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे।

# जनदर्शन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने सुनाई अपनी समस्या



## कलेक्टर महोबे ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को संवेदनशीलता से सुना। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आज तहसील बलौदा अंतर्गत ग्राम बुड़गहन निवासी श्री रामायण प्रसाद द्वारा फौती नामांतरण दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त करवाने, तहसील मुख्यालय चांपा निवासी श्रीमती आरती कुमारी यादव द्वारा विधवा पेंशन, तहसील नवागढ़ के ग्राम हिरागढ़ निवासी सरस्वती कश्यप द्वारा आधार कार्ड सुधरवाने, तहसील सारागांव के ग्राम मोहगांव निवासी श्रीमती देव कुमारी द्वारा शासकीय भूमि से कब्जा हटवाने, तहसील पामगढ़ के ग्राम भंवतरा निवासी श्री बुधराम खुंटे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने सभी आवेदनों को संवेदनशीलता के साथ संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# शराब के लिए पैसा की मांग कर मारपीट दो आरोपी चढ़े कोतवाली पुलिस के हत्थे

जांजगीर चांपा /

शराब के लिए पैसे की मांग कर मारपीट के दो आरोपी कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा है । पकड़े गए आरोपियों में किशन चौरसिया पिता अरुण कुमार चौरसिया उम्र 25 वर्ष साकिन मुनुन्द ,करण कुमार चौरसिया पिता अरुण कुमार चौरसिया उम्र 22 वर्ष साकिन मुनुन्द शामिल है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी हरीश गढेवाल निवासी मुनुन्द जांजगीर ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 4 जनवरी 26 को शाम करीबन 6 बजे नैला से अपने गांव जा रहा था कि गांव के आरोपी किशन चौरसिया तथा करण चौरसिया ने प्रार्थी के मोटर साइकिल को रोक कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग किए , प्रार्थी के द्वारा मना करने पर अपने पास रखें हॉकी स्टिक और लकड़ी के डंडा से मारपीट किए हैं । उक्त रिपोर्ट पर तत्काल थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना तत्काल जिले के पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय (भापुसे),



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उमेश कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक योगिताबाली खापर्डे को दिए गए जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश प्राप्त हुए । इस पर तत्काल एक टीम घटनास्थल की ओर रवाना किया गया तथा अलग -अलग स्थान से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया । पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करना तथा नहीं देने पर मारपीट करने की घटना करना स्वीकार किया तब दोनों आरोपियों के कब्जे से हॉकी स्टिक तथा लकड़ी का डंडा जप्त किया गया और उन्हे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी कोतवाली, सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक प्रकाश चंद्र राठौर, राकेश राठौर, आरक्षक विनोद राठौर, नितीश विश्वकर्मा शामिल रहे।

# साहू समाज का नही हुआ अपमान - हरप्रसाद साहू भूपेश के नेतृत्व में साहू समाज को मिली है तवज्जो

**जाँजगीर चांपा** - गत दिवस बिलासपुर के लिंगियाडीह में आयोजित सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने एक कहानी में बंदर राजा का उदाहरण देकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी की सच्चाई बताने का प्रयास किया है कि साव जी को मोहरा बनाकर बीजेपी रखी है । उप मुख्यमंत्री होने के बावजूद भी किसी तरह के प्रभावशीलता नही दिखाई दे रहा है जबकि ज़्यादातर साहू वोट बीजेपी के पक्ष में था । ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के समय में साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा के जन्म जयन्ति के अवसर पर अवकाश की घोषणा किया गया और साहू समाज के विकास के लिये तेलघानी बोर्ड का गठन किया गया । उनके ही कार्यकाल में राजिम महोत्सव के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध कराया गया । उक्त बाते हरप्रसाद साहू सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ ने कही , उन्होंने आगे कहा कि इनके साथ साथ ज़्यादा से ज़्यादा साहू बंधुओं को निगम,बोर्ड ,मण्डल और आयोग में नियुक्ति मिली है,और साहू समाज के अपमान की बात है तो अरुण साव उप मुख्यमंत्री सहित भाजपा के अन्य लोगो को बताना चाहिए कि अभी तक जितनी नियुक्ति हुई है उसमे साहू समाज को कितनी प्रतिशत हिस्सेदारी मिली है । भाजपा साहू समाज का सिर्फ़ उपयोग करती है जबकि वास्तविक समय में उन्हें पीछे कर देती है । स्व ताराचंद साहू जी को किनारे करनी वाली बीजेपी कब से साहू समाज का हितैषी बन गई । इसी तरह उत्तरप्रदेश में भी केशव मौर्य जोकि साहू समाज से आते है उनके नेतृत्व में



चुनाव जीती तथा योगी जी को ताज पहना दिया । साहू हितैषी है अगर अरुण साव जी तो उन्हें इस बात पर गौर करनी चाहिए कि साहू समाज किसी भी राजनैतिक दल का गुलाम नही है । समय समय पर आईना दिखाने का कार्य समाज द्वारा किया जाता रहा है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण यह है कि सन् 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के साहू 13 उम्मीदवारों को हार का मुँह देखना पड़ा था , सिर्फ़ एक सीट ही बीजेपी जीती थी । जिस व्यक्ति ने अपने कार्यकाल में साहू समाज का सुध लिया था और जिसने समाज के लिए कोई अपमानित शब्द का उपयोग ही नही किया उस व्यक्ति से साहू समाज माफी की माँग क़तई नही करता है ।

# सात लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर चांपा** / सात लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है । ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बलौदा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी रामेश्वर प्रसाद खांडे के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 700 रुपए बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाह में निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी थाना बलौदा, प्रधान आरक्षक मुकेश यादव, आर0 रोहित साहू, टिकेश्वर राठौर, दीपक कश्यप अनुज खरे, रज्जू रात्रे, संतोष रात्रे, म0 आर0 चंद्रप्रभा शांतेय का सराहनीय योगदान रहा।

# खेलों इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 : चयन ट्रायल 6 से 8 जनवरी 2026 तक रायपुर एवं बिलासपुर में होगी आयोजित

जांजगीर-चांपा /

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 के प्रथम संस्करण का आयोजन छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी 2026 से किया जाना है। छत्तीसगढ़ राज्य की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 06 से 08 जनवरी 2026 तक रायपुर एवं बिलासपुर में रखा गया है।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि चयन ट्रायल के माध्यम से महिला एवं पुरूष वर्ग की छत्तीसगढ़ राज्य दल का गठन किया जायेगा। खेलों इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय मंच पर अपनी खेल प्रतिभा के प्रदर्शन का सशक्त अवसर प्रदान करता है। छत्तीसगढ़ राज्य खेल प्रतिभाओं से समृध्द है तथा राज्य के विभिन्न जिलों में वैटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कुश्ती, तैराकी, फुटबाल एवं हॉकी जैसे खेलों में उत्कृष्ट क्षमता वाले खिलाड़ी उपलब्ध है। उक्त चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए यह आवश्यक है कि खिलाडी छत्तीसगढ़ राज्य का स्थायी निवासी हो तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित हो। आयु सीमा महिला एवं पुरूष दोनों वर्गो के लिए खुली रखी गई है। चयन ट्रायल के समय खिलाड़ियों को अपना मूल अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड या स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। खिलाड़ी अपना आनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

# स्मृति कप फुटबाल टूर्नामेंट जांजगीर पैंथर बना चैंपियन

जांजगीर चांपा /



हाई स्कूल मैदान में स्व श्री राम कुमार पाण्डेय जी की स्मृति में आयोजित रात्रि कालीन फुटबाल टूर्नामेंट में जांजगीर चैम्पियन और जांजगीर पैंथर के बीच रोमांचक मुकाबले हुआ दर्शकों में अंत तक रोमांच भरा हुआ था जिसमें पहले हाफ में दोनों टीम गोल रहित रहे । दूसरे हाफ में जांजगीर पैंथर ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए जांजगीर चैम्पियन को 2-0के अन्तर से हरा कर इस फुटबाल लीग का खिताब अपने नाम किया। पूरे मैच के दौरान अनिल राठौर अधिवक्ता ने अपनी रोचक कमेंट्री से फाइनल मैच में अन्त तक शमां बांधे रखा । इस आयोजन के दौरान अथिति के रूप पूर्व विधायक नारायण चंदेल, रघुराज पाण्डेय , रवि पाण्डेय मनोज पाण्डेय प्रिंस शर्मा रोशन केशरवानी आशीष राठौर, रामबिलास राठौर प्रवीण पाण्डेय भगवानदास राजेश अग्रवाल, मयंक परन्महंश सतीश गोपाल रमेश मिश्रा दिनेश मिश्र अनिल तिवारी विवेक पाण्डेय सोहराब सिंह अथिति के रूप उपस्थित रहे और पुरस्कार वितरण गया।आयोजन समिति के सदस्य अनिल राठौर अधिवक्ता अमितेश राठौर इम्तियाज अहमद,राहुल भवानी, श्यामा, दीपक राकेश, रवि श्रीवास,वाशु राठौर, सौरभ सिंह, जयंत, विक्की, सुमित, मास्टर, प्रेम शंकर सिंह राठौर, श्रीजन, रामानुज, गौरेश, पुत्रा, सुनील खरे , एवम् जिला फुटबाल संघ जांजगीर के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गैर इरादतन हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी ऑटो चालक को किया गया गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा** / गैर इरादतन हत्या के आरोपी ऑटो चालक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 4 जनवरी 26 के रात्रि करीबन 8बजे सूचना प्राप्त हुआ कि भाटापारा केरा रोड कब्रिस्तान के सामने आम रोड में ब्रेजा कार क्रमांक छ्त्र29स्न 3765 के चालक आरोपी अमन गोयल के द्वारा शराब के नशे में धूत होकर अपने उक्त कार को शहर के बीचो-बीच नया बस स्टैंड जांजगीर की ओर से कचहरी चौक जांजगीर की ओर अत्यधिक स्पीड में चलाते हुए तथा यह जानते हुए कि वह शराब सेवन किया हुआ है और शहर के मध्य में अत्यधिक तेजी से वाहन को चलाते हुए रोड में अपनी साइड में पैदल चल रहे नारायण सोनवान को ठोकर मारा तथा कुछ दूरी पर अपनी साइड पर चल रहे ऑटो को भी ठोकर मारा जिस ऑटो चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया ।



# भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के प्रथम जांजगीर आगमन पर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत

**जांजगीर-चांपा 7**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आकाश सिंह के प्रथम जांजगीर आगमन पर जिला भाजपा युवा मोर्चा द्वारा एक भव्य, ऐतिहासिक एवं उत्साहपूर्ण स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे शहर में संगठनात्मक जोश, ऊर्जा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।



जिला मुख्यालय जांजगीर पहुँचने पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख चौकङ्कचौराहों शारदा चौक, नेताजी चौक एवं कचहरी चौक में फूल-मालाओं, गगनभेदी नारों एवं आतिशबाजी के साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का जोरदार अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति से पूरा शहर मानो उत्सव स्थल में परिवर्तित हो गया।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान कचहरी चौक, जांजगीर में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री आकाश सिंह को भेंट स्वरूप तलवार एवं गदा प्रदान कर सम्मानित किया गया। तलवार और गदा को शौर्य, शक्ति, पराक्रम एवं संगठनात्मक दृढ़ता के प्रतीक के रूप में भेंट किया गया, जिससे कार्यक्रम और अधिक गरिमामयी एवं ऐतिहासिक बन गया।

इसके पश्चात भाजपा जिला कार्यालय जांजगीर में आयोजित कार्यक्रम में

पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल , जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े ,भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र देवांगन , प्रदेश उपाध्यक्ष अमन सिंह ,

प्रदेश कार्य समिति सदस्य पलाश चंदेल ,दिग्विजय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर युवा मोर्चा एवं संगठन के जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमे जिला महामंत्री नंदनी राजवंड़े,

नंद चौधरी,जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ,जिला कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, विकास शर्मा,

संदीप साहू, प्रदीप शराफ मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, संतोष थवाईत सहित सैकड़ो के संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खास खबर

### कोरबा पूर्वांचल सर्व समाज विकास समिति,द्वारा भव्य नववर्ष मिलन समारोह आयोजित

कोरबा 04 जनवरी (आरएनएस)। कोरबा पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति की पूर्व में आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुरूप आज नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन रिकॉन्डो रोड कोरबा में किया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष विकास सिंह को समिति के सदस्यों द्वारा पुष्पहार पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सदस्यता विस्तार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समिति के संविधान के प्रावधानों के अनुसार सदस्यता शुल्क के साथ जिले भर में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वहीं नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष विकास सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि समिति की मुख्य कार्यकारिणी के साथ-साथ महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन अतिशीघ्र किया जाएगा, जिससे समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। समारोह के दौरान संगठन की जमीनी पकड़ और सामाजिक सक्रियता को और मजबूत बनाने हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

इस भव्य आयोजन में समिति के 100 से अधिक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में कोरबा जिले में निवासरत झारखंड, बिहार एवं उत्तर प्रदेश से जुड़े सर्व समाज के लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बना। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक राजकिशोर प्रसाद, अध्यक्ष अवधेश सिंह, सचिव अरविंद शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष विकास सिंह तथा समिति के पी.आर.ओ. प्राण नाथ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी उपस्थित सदस्यों ने संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

### कोरबा में सड़क हादसा: स्कूटी सवार मां-बेटी की दर्दनाक मौत

कोरबा कोरबा जिले में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें स्कूटी सवार मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया और गुस्साई भीड़ ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोहड़िया निवासी राम कुमारी वर्मा अपनी बेटी रेणु वर्मा के साथ दर्री बाजार से सब्जी खरीदकर स्कूटी क्रमांक छ्त्त 12 क्ष्क्त 1611 से घर लौट रही थीं। शाम करीब 7 से 7:30 बजे के बीच जब वे दर्री मुख्य शहर से गुजर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक मोटरसाइकिल सवार तेज रफ्तार से उनके बगल से निकला, जिससे स्कूटी सवार मां-बेटी का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़ीं। उसी समय पीछे से तेज गति से आ रहे एक भारी मालवाहक वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। वाहन का पहिया दोनों के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

# धान खरीदी केंद्र, गुरसिया व्यपवर्तन का भी कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### पीवीटीजी गांव में ग्रामीणोंके बीच कलेक्टर की लगी चौपाल, शिक्षा, स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी केंद्र में निरीक्षण कर जाना वहाँ का हाल

### जिले के अंतिम छोर से कलेक्टर ने परखी शिक्षा, स्वास्थ्य सहित शासन की योजनाओं की हकीकत

### पीएम जनमन सड़क सहित निर्माणाधीन भवन के कार्य में प्रगति लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

### ऐतमानगर जलप्रदाय योजना में कार्य की प्रगति धीमी होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश



**कोरबा** नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नए साल की शुरुआत के साथ ही आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के दूरस्थ व अंतिम छोर के गाँवों में जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की स्थितियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने जिले की पहचान विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं-बिरहोर बाहुल्य गाँव गुडरुमुड़ा में चैपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें दूर करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने गुडरुमुड़ा, पोड़ी उपरोड़ा, ऐतमानगर, गुरसिया, सालिहां भाठा, लैंगा और अंतिम छोर पर स्थित पसान तक जाकर आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र, बालिका आवासीय छात्रावास, एकलव्य आवासीय विद्यालय, धान खरीदी केंद्र, ऐतमानगर जलप्रदाय योजना, निर्माणाधीन वॉटर फीडर टैंक, निर्माणाधीन पीएम जनमन सड़क, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, निर्माणाधीन विद्यालय भवन, शिक्षकों के आवासीय भवन का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री मनोज बंजारे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पीवीटीजी ग्राम गुडरुमुड़ा की समस्याएं होंगी दूर

कलेक्टर श्री दुदावत ने पीवीटीजी ग्राम गुडरुमुड़ा में ग्रामीणों के बीच चैपाल लगाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और चर्चा करते हुए समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिलाओं से महतारी वंदन योजना, उचित मूल्य की दुकान में खाद्यान्न मिलने, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने राशन दुकान में खराब चावल मिलने की शिकायत की तो कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए। बिरहोर जनजाति की महिला रति बाई ने अपनी सुपुत्री की शारीरिक समस्या बताते हुए उपचार की मांग की तो कलेक्टर ने सोमवार को उसे जिला अस्पताल भेजकर इलाज कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गुडरुमुडा में पीएम जनमन आवास की जानकारी लेते हुए सभी आवासों में पीएम सूर्यघर स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि घरों तक सर्विस वायर लगाकर मीटर भी लगाएं। कलेक्टर ने यहाँ बन रही पीएम जनमन सड़क के अधूरे कार्य को 10 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। यहाँ सरपंच सहित ग्रामीणों को कलेक्टर ने जागरूक रहकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने और नशे से दूर रहकर शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने पीएम जनमन आवास के हितग्राही के आवास और वहाँ स्थापित पीएम सूर्यघर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर योजना के फायदे बताते हुए कहा कि इससे अधिक बिजली बिल से मुक्ति मिलने के साथ हितग्राही बिजली का उत्पादन कर दूसरे को बेच भी सकते हैं। उन्होंने गाँव में नेटवर्क की समस्या दूर करने, सड़क में लाइट लगाने के संबंध में भी निर्देश दिए।

# आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर सुनील जैन ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

### 0 मतदाता सूची का अवलोकन कर स्थानांतरित, अनुपस्थित मतदाताओं एवं दावा-आपत्ति प्रकरणों की जानकारी ली

### 0 आगामी निर्वाचन हेतु मतदाता सूची को अद्यतन व त्रुटिरहित बनाए जाने हेतु दिए आवश्यक निर्देश

कोरबा



निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026) के अंतर्गत आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर बिलासपुर संभाग श्री सुनील जैन द्वारा कोरबा जिले के विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विधानसभा पाली-तानाखार के मतदान केंद्र क्रमांक 209 माध्यमिक शाला चैतमा एवं 183 प्राथमिक शाला सुतर्रा, कटघोरा विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 33 प्राथमिक शाला कसनिया एवं 34 माध्यमिक शाला कसनिया, कोरबा विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 77 स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोहड़िया, तथा रामपुर विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 87 प्राथमिक शाला भवन गोढ़ी का अवलोकन किया गया।

संभाग आयुक्त श्री जैन ने केंद्रों पर प्रारंभिक रूप से प्रकाशित मतदाता सूची का गहन निरीक्षण कर दर्ज मतदाताओं की जानकारी ली। इस दौरान स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं के संबंध में संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) से विस्तृत विवरण प्राप्त की गई।

निरीक्षण के क्रम में आयुक्त द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) से प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान बीएलए को स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर उनके कारणों की जानकारी प्राप्त करने तथा मतदाता सूची को अधिक सटीक एवं अद्यतन बनाने में सहयोग करने के निर्देश दिए गए।आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर श्री जैन ने कहा कि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में सभी पात्र नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतुमतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना आवश्यक है।

उन्होंने सभी बीएलओ को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थानांतरित मतदाताओं से सक्रिय रूप से संपर्क किया जाए, नोटिस वाले प्रकरणों में संबंधित मतदाताओं को समय पर सूचना दी जाए तथा दावादूआपत्ति प्राप्त कर उनका नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नाम जोड़ने हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति के बाद शीघ्र कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए दावा आपत्ति की अंतिम तिथि के सम्बंध में मुनादी एवं अन्य प्रचार माध्यमों से अधिक से अधिक नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, श्री ओंकार यादव, सम्बंधित अनुविभाग के एसडीएम, तहसीलदार, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, बीएलए उपस्थित थे।

# बालको ने किया मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोरबा- बालकोनगर**)। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने आखिरी जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत रिसदा क्षेत्र में एक मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर से आसपास के समुदाय के बच्चों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित कुल 239 ओपीडी लाभार्थी लाभान्वित हुए।

यह स्वास्थ्य शिविर बालको सीएसआर की 'उपचार आपके द्वार' पहल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, जिसके माध्यम से पोर्टेबल लैब डायग्नोस्टिक्स और फिजियोथेरेपी सेवाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया गया। शिविर के अंतर्गत लाल घाट, चेकपोस्ट, भाद्रापारा, सतनामनगर एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित रिसदा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

बालको की सामुदायिक विकास टीम द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सहयोग से शिविर में समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इनमें लैब परीक्षण, फिजियोथेरेपी (इलेक्ट्रोथेरेपी तथा हॉट-कोल्ड फोमेंटेशन द्वारा दर्द प्रबंधन) एवं रोकथाम आधारित स्वास्थ्य जागरूकता शामिल रही।

शिविर के दौरान कुल 81 प्रयोगशाला जांचें की गईं, जबकि विशेष सामुदायिक मांग पर 31 बच्चों तथा अन्य 31 लोगों का रक्त समूह परीक्षण किया गया। वहीं 33 लाभार्थियों ने फिजियोथेरेपी सेवाओं का लाभ उठाया, जिससे बुजुर्गों में पुरानी पीड़ा और गतिशीलता संबंधी समस्याओं के समाधान में सहायता मिली। इसके अतिरिक्त, हृदय स्वास्थ्य एवं निवारक देखभाल पर केंद्रित एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

# कमिश्नर ने माध्यमिक शाला चैतमा व आंगनबाड़ी केंद्र कसनिया का किया निरीक्षण

### शाला में पाठ्यक्रम संचालन और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार हेतु दिए दिशा-निर्देश

### आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और पोषण-शिक्षा कार्यक्रम प्रभावी बनाने हेतु किया निर्देशित

**कोरबा** बिलासपुर संभाग आयुक्त श्री सुनील जैन ने जिले के एकदिवसीय प्रवास के दौरान पाली विकासखण्ड के माध्यमिक शाला चैतमा एवं कटघोरा के आंगनबाड़ी केंद्र कसनिया का निरीक्षण कर बच्चों की दर्ज संख्या और उपस्थिति की जानकारी ली। माध्यमिक विद्यालय चैतमा का निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री जैन ने शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई, पाठ्यक्रम की प्रगति और अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने पाठ्यक्रम संचालन और शैक्षणिक गुणवत्ता को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र कसनिया निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने केंद्र में बच्चों की दर्ज संख्या एवं उपस्थिति का आंकलन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कर्मचारियों को बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने तथा पोषण और शिक्षा कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए निर्देशित किया।

# उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों एवं हितों के लिए सतर्क रहना आवश्यक

### ग्राम पंचायत नकटीखार में उपभोक्ता जागरूकता शिविर संपन्न



**कोरबा** छग राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा द्वारा प्रतिमाह कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 31 दिसम्बर 2025 को ग्राम पंचायत नकटीखार में कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामवासियों को उनके अधिकारों व हितों की जानकारी दी गई। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि उपभोक्ता कौन है व उपभोक्ता के अधिकार क्या है? उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच, सेवा व संविदा शर्तें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। अपने हित के विरुद्ध संविदा से परेशान होने पर वे ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से घर में बैठकर ही ई-फाइलिंग के माध्यम से जिला आयोग आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् आयोग के द्वारा ई-हियरिंग के माध्यम से वाद की सुनवाई का अधिकार भी उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला आयोग में शिकायत दायर करने के लिए वाद मूल्य के आधार पर पंजीयन शुल्क 5 लाख तक शून्य, 5 लाख से अधिक और 10 लाख से कम पर 200 रू फीस, 10 लाख से अधिक 20 लाख से कम की फीस 400 रू, 20 लाख से अधिक और 50 लाख से कम की फीस 1000 रू होगी, की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने की बात कही। आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए यह भी बताया कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों एवं हितों के लिए सतर्क रहना होगा एवं स्वयं जागरूक होना होगा, तभी जागो ग्राहक जागो की सार्थकता सिद्ध होगी। इस दौरान उपस्थित महिलाएं एवं अन्य ग्रामीणों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। शिविर के दौरान आयोग के कर्मचारीगण मनीराम श्रीवास, संजय शर्मा, नूतन राजपूत, ग्राम पंचायत नकटीखार के सरपंच अमृत लाल, गांव के वरिष्ठ नागरिक अजीत दास महंत, मनोज विशनानी, ग्राम की उपसरपंच, मितानिन सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### कलेक्टर की खंड स्तरीय समीक्षा बैठक,

# योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुँचाने के निर्देश

### आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में योजनाओं की प्रगति तेज करने हेतु किया निर्देशित

कोरबा



कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जनपद कार्यालय पोड़ी उपरोड़ा के सभाकक्ष में खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन तथा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोड़ी उपरोड़ा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत चिन्हित ब्लॉक है, इसलिए सभी विभाग अपने-अपने सूचकांकों में बेहतर उपलब्धि सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश नाग, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा मनोज बंजारे सहित विभागीय अधिकारी एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए खाद्य निरीक्षकों को सभी राशन दुकानों में गुणवत्तापूर्ण चावल भंडारण एवं वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ताहीन चावल की शिकायत किसी भी स्थिति में नहीं आनी चाहिए तथा इसके लिए नियमित फील्ड विजिट अनिवार्य रूप से की जाए।

पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी भी पंचायत में पेंशन भुगतान से संबंधित समस्या नहीं होनी चाहिए। पंचायत सचिवों के माध्यम से 59 एवं 64 वर्ष आयु वर्ग के पात्र व्यक्तियों का सर्वे कर सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि आयु पूर्ण होते ही पेंशन प्रारंभ हो सके। साथ ही जन्म-मृत्यु पंजीयन के दौरान मृत्यु की स्थिति में विधवा पेंशन के प्रकरण प्राथमिकता से तैयार कर लाभ दिलाने के निर्देश दिए।दिव्यांगजनों के संबंध में कलेक्टर ने सभी पंचायतों में सर्वे कर पात्र दिव्यांगों को समय पर सहायक उपकरण उपलब्ध कराने तथा प्रमाण पत्र से वंचित दिव्यांगों को चिन्हित कर प्रमाण पत्र बनवाने व सहायक उपरकण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने साथ ही जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पीवीटीजी आवासों में भी योजना का लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों के रिजल्ट की समीक्षा कर प्रभावी कार्य योजना से परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने डीईओ को कमजोर परीक्षा परिणाम वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित कार्ययोजना को जल्द से जल्द ऐसे विद्यालयों में लागू करने के निर्देश दिए। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में शत प्रतिशत फर्स्ट डिवीजन रिजल्ट सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएँ। इसके अलावा सभी एकलव्य विद्यालयों में भी रिजल्ट सुधारने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधाओं का आमजन तक प्रभावी और गंभीरता से लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनसीडी स्क्रीनिंग का निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी सीएचओ एवं आरएचओ की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश देने पर जोर दिया। साथ ही हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर जांच कराने, टीबी उन्मूलन अभियान के तहत लक्षित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर लाभ सुनिश्चित करने और टीबी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय कॉल सेंटर संचालित करने के निर्देश भी दिए गए।

आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने, शौचालय निर्माण के लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा नए आंगनबाड़ी भवनों में रनिंग वाटर की व्यवस्था के साथ निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# पूर्वांचल विकास समिति भवन की बाउंड्री वॉल का हुआ भूमि पूजन

कोरबा पूर्वांचल विकास समिति की मां- पर भवानी मंदिर कौ्याल्या धाम परिसर के समीप स्थित पूर्वांचल विकास समिति भवन की सुरक्षा के लिए निर्मित की जाने वाली बाउंड्री वॉल का भूमि पूजन प्रदे्या के 'कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवां-न एवं कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत' के कर-कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवां-न ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके जनप्रतिनिधि निरंतर सेवा कार्यों में संलग्न हैं तथा किसी भी जकृरतमंद को निरा्या नहीं होने दिया जाए-ा। उन्होंने बताया कि मंत्री बनने के बाद से वे विभिन्न समाजों की मां- के अनुकृप भवन निर्माण एवं विकास कार्यों में ल-ातार सहयो- कर रहे हैं। पूर्वांचल विकास समिति की मां- पर ल-भ-ृ लाख रुपये की ला-त से बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।मंत्री देवां-न ने कहा कि पूर्वांचल विकास समिति एवं उससे जुड़े लो- सदैव जनसेवा को प्राथमिकता देते आए हैं। उन्होंने व्यिवास व्यक्त किया कि अंततकृ सत्य और सेवा की ही जीत होती है।महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि न-र नि-म क्षेत्र के सभी क्ष्द्य वार्डों में समान कृप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

उन्होंने आ्यवासन दिया कि पूर्वांचल विकास समिति की अपेक्षाओं की पूर्ति में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाए-ी। 'भाजपा जिला अध्यक्ष -ोपाल मोदी' ने कहा कि पूर्वांचल के लो- जहां भी -ए, उस क्षेत्र को अपनी मेहनत, संस्कार और परिश्रम से समृद्ध किया है। उन्होंने छत्तीस-ढ़ के सम- विकास में निरंतर यो-दान देने की प्रतिबद्धता दोहराई।भूमि पूजन समारोह को क्षेत्रीय पार्षद नरेंद्र देवां-न, पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष रामाश्रय पांडे एवं अ्याोक भार्मा ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, सह-कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, तुलसी ठाकुर, नीरज ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर,अनिल ि-री,नीरज सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 जनवरी को रायपुर लोकसभा रचेगा इतिहास, 5 लाख विद्यार्थी एक साथ गायेंगे 'वंदे मातरम'



## गरियाबंद पुलिस द्वारा सराहनीय पहल: 'रजत जयंती' के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

### रक्तदान शिविर में 92 से अधिक रक्तदाताओं के द्वारा जनसेवा और सुरक्षा के लिए रक्तदान किय

**रायपुर,** छ.ग. भारत का 26वां राज्य बनने के बाद अपनी संस्कृति विरासत को सहेज कर विकास के लक्ष्यों को हासिल कर देश में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इस ''रजत जयंती'' के अवसर पर गृह विभाग (गरियाबंद पुलिस) के द्वारा जिला अस्पताल गरियाबंद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उईके की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव , अंकित जैन के साथ अन्य पुलिस जवानों एवं स्थानीय युवाओं के साथ लगभग 92 से अधिक रक्तदाताओं के द्वारा 'जनसेवा और सुरक्षा' के लिए रक्तदान किये। पुलिस अधीक्षक के द्वारा इस रक्तदान शिविर के उद्धेश्य के संबंध में ताया कि छ.ग. राज्य के 25 वर्षो का यह सफर गौरवशाली रहा है। जिसे हम रजत जयंती के रूप में मना रहे है। पुलिस केवल कानून व्यवस्था ही नही बल्कि जन-सेवा के कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहना चाहते हैं। एक यूनिट रक्त किसी का जीवन बचा सकता है, और हमारे जवानों ने आज सेवा का नया उदाहरण पेश किया है। रक्तदान जरूरतमंदों की मदद करना और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। इस नेक कार्य में पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, आरक्षकों और बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## मोबाइल में ठगी से बचने के लिए व्हाट्सएप में. apk (एपीके) फाईल न खोलें

**0आरटीओ चालान के भुगतान के लिए वेबसाईट का ही उपयोग करें**

सारंगढ़ बिलाईगढ़, राज्य में आरटीओ ईचालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं, जिसमें नकली ईचालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक्र नियम तोड़ने के बारे में फर्जी तरीके से डराने वाले संदेश व्हाट्सएप के माध्यम से एपीके फाईल का लिंक भेजकर नागरिकों के बैंक खाते से पैसे ठगी करते हैं। ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए . ड्डश्चद्म (डॉट एपीके) फाईल पर क्लिक कर ओपन न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट ईचालान परिवहन डॉट जीओवी डॉट इन http-sÑ//echallan.parivahan.gov.in/inde&/accused-challan पर जाकर ई-चालान के पेज पर पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस एवं परिवहनके अमले द्वारा जब भी ईचालान भेजा जाता है, तो पंजीकृत मोबाईल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज अधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते हैं। आम नागरिकों को किसी ईचालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है, तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाईन पैसे का भुगतान न करें और अपने खाते से किसी भी लेने देन से सावधान रहें। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में निकट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

## मोहला वनमण्डल में संयुक्त वन प्रबंधन समितियाँ बनीं हरित विकास की मजबूत कड़ी

**0147 संयुक्त वन प्रबंधन समितियाँ कर रहीं मोहला वनमण्डल में वनों का संरक्षण**

**0मोहला वनमण्डल में हरित विकास की दिशा में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की अहम भूमिका**

मोहला, मोहला वनमण्डल में संयुक्त वन प्रबंधन समितियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास एवं वनों की सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वन संरक्षण, वन्य प्राणियों की सुरक्षा, वृक्षारोपण तथा बिगड़े वनों के सुधार जैसे कार्यों में स्थानीय समुदायों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है।मोहला वनमण्डल अंतर्गत वर्तमान में कुल 147 संयुक्त वन प्रबंधन समितियाँ सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इनमें अंबागढ़ चौकी परिक्षेत्र में 83, दक्षिण मानपुर में 27 तथा उत्तर मानपुर परिक्षेत्र में 37 समितियाँ शामिल हैं। ये समितियाँ स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सतत प्रयास कर रही हैं।नव वर्ष के अवसर पर दिनांक 03 जनवरी 2025 को इन समितियों द्वारा वनों एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा, वन अधिकार पत्रों के नामांतरण एवं बंटवारे, तेंदूपत्ता, कोदो, कुटकी एवं रागी जैसे लघु वनोपज के सतत एवं वैज्ञानिक संग्रहण को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के प्रयासों से क्षेत्र में वनों का संरक्षण एवं विकास हो रहा है, जिससे स्थानीय समुदायों की आजीविका में सुधार देखने को मिल रहा है। वन्य प्राणियों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। लघु वनोपज के संग्रहण से ग्रामीणों को आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है, वहीं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित हो रहा है।

# परीक्षा पे चर्चा 2026 में छत्तीसगढ़ की बड़ी उपलब्धि: पालक सहभागिता में देश में प्रथम

### 081,533 पालकों का पंजीयन: देश में पहले स्थान पर छत्तीसगढ़

### पालक सहभागिता में देश में प्रथम स्थान गौरव की बात : मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय

### परीक्षा पे चर्चा में छत्तीसगढ़ अव्वल: देश के अभिभावकों के लिए बना रोल मॉडल



**रायपुर,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा को तनावमुक्त उत्सव के रूप में मनाने की पहल परीक्षा पे चर्चा 2026 में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने पालकों की भागीदारी में प्रथम स्थान हासिल कर पूरे देश में उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अब तक छत्तीसगढ़ से 25.16 लाख प्रतिभागियों ने पंजीयन किया है, जिनमें 22.75 लाख विद्यार्थी, 1.55 लाख शिक्षक और 81,533 पालक शामिल हैं। यह उपलब्धि राज्य में परीक्षा प्रबंधन, समय प्रबंधन, पालकों को अपने बच्चों को परीक्षा में अधिक अंक लाने हेतु अनावश्यक दबाव देने से बचने तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए किए जा रहे सुनियोजित प्रयासों को दर्शाती है।'परीक्षा पे चर्चा' में पालकों की भागीदारी के मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। कुल पंजीयन के मामले में छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर चौथे स्थान पर है। बलोदाबाजार जिले में 14,658 तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 9,952 पालकों द्वारा पंजीयन किया गया है, जो इस अभियान के प्रति अभिभावकों की बढ़ती जागरूकता, सहभागिता और विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है। यह उपलब्धि केवल संख्यात्मक सफलता नहीं है, बल्कि यह परीक्षा के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव का भी संकेत देती है।इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे राज्य में अपनाई गई नवाचारपूर्ण रणनीतियाँ महत्वपूर्ण रही हैं। जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों के माध्यम से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की गई, शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों पर ऑन-साइट पंजीयन की व्यवस्था की गई तथा युवा क्लब और अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय को बड़े पैमाने पर जोड़ा गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में आयोजित परीक्षा पे चर्चा मेला से एक ही दिन में 10,000 से अधिक पंजीयन दर्ज हुए, जबकि इससे पहले प्रतिदिन औसत पंजीयन लगभग 1500 के आसपास था। पिछले प्रयासों के रूप में आयोजित शिक्षक-पालक सम्मेलन और मेगा पीटीएम ने भी अभिभावकों की सजगता और सहभागिता को नई दिशा दी है।परीक्षा पे चर्चा से जुड़े प्रेरक अनुभव भी लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले वर्ष इस कार्यक्रम में शामिल हुई कु. युक्तामुखी ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस वर्ष अधिक से अधिक विद्यार्थियों से पंजीयन कर अपने प्रश्न पूछने की अपील की है। उनका प्रेरक संदेश विद्यार्थियों में उत्साह, आत्मविश्वास और सक्रिय सहभागिता की भावना जागृत कर रहा है। इसी प्रकार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में शीतकालीन अवकाश के दौरान आयोजित परीक्षा पे चर्चा मेला में सभी विद्यालयों, समुदाय, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और इस आयोजन के परिणामस्वरूप एक ही दिन में 10,000 से अधिक पंजीयन हुए। इस सफलता से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी परीक्षा पे चर्चा मेलों का आयोजन किया जा रहा है और लोग उत्साहपूर्वक इस अभियान से जुड़ रहे हैं।छत्तीसगढ़ में परीक्षा पे चर्चा में शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण स्थलों पर ही पंजीयन की व्यवस्था की गई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को पंजीयन प्रक्रिया विस्तारपूर्वक समझाई गई और वहीं पर पंजीयन कराने में सहयोग दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षकों द्वारा बहुत बड़ी संख्या में पंजीयन किया गया। पंजीयन प्रक्रिया 11 जनवरी 2026 तक खुली रहेगी और इस बात की पूरी संभावना है कि छत्तीसगढ़ में 30 लाख से अधिक पंजीयन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा।उल्लेखनीय है कि परीक्षा पे चर्चा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का वार्षिक संवाद कार्यक्रम है, जिसमें वे विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों से सीधे संवाद करते हैं। इस संवाद में परीक्षा से जुड़ी चुनौतियों, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास बढ़ाने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया जाता है तथा पालकों को यह संदेश भी दिया जाता है कि वे अधिक अंक लाने के लिए अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि बच्चों का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ाएँ। यह पहल अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है और परीक्षा को तनाव का विषय न मानकर उत्सव के रूप में मनाने की व्यापक सामाजिक चेतना विकसित कर रही है।

## नियमों के उल्लंघन पर 03 कारखानों के विरुद्ध श्रम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज

**रायगढ़, (आरएनएस)।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सम्भाग रायगढ़ द्वारा निरंतर निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कारखाना अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ कारखाना नियमावली के प्रावधानों की अवहेलना करने वाले कारखानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रायगढ़ जिले में स्थापित कारखानों में घटित औद्योगिक दुर्घटनाओं की जांच एवं निरीक्षण के दौरान पाए गए गंभीर उल्लंघनों के आधार पर कारखाना अधिनियम, 1948 एवं छत्तीसगढ़ कारखाना नियमावली 1962 के अंतर्गत कुल 03 कारखानों के विरुद्ध श्रम न्यायालय रायगढ़ में आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं।औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सम्भाग रायगढ़ के उप संचालक श्री राहुल पटेल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाना पाया गया, जिससे श्रमिकों की जान एवं स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न हुआ। इन परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कारखानों के अधिभोगियों एवं प्रबंधकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। दायर प्रकरणों में मेसर्स सुनील इस्पात एंड पावर प्रा. लि., ग्राम चिरईपानी, पोस्ट लाखा के अधिभोगी ।

## मंत्री रामविचार नेताम ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों का जिले के विद्यार्थी करेंगे शैक्षणिक भ्रमण



सूरजपुर, जनवरी (आरएनएस)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण को कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भ्रमण कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में, समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सूरजपुर जिले के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानोंकृइंदिरा गांधी कृषि अनुसंधान केंद्र, आकाशवाणी केंद्र, दरिमा हवाई पट्टी,ठिनठिनी पत्थर तथा संजय पार्क का भ्रमण कराया जा रहा है। छात्र-छात्राएं महिला एवं पुरुष गाइड शिक्षकों के नेतृत्व में इन संस्थानों का अवलोकन कर आधुनिक कृषि तकनीक, रेडियो प्रसारण प्रणाली तथा हवाई यातायात संचालन से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करना है, जिससे उनका शैक्षणिक विजन व्यापक हो और वे पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के अवसर पर पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, राम कृपाल साहू, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल,कौशल प्रताप सिंह, संत सिंह, अरविंद मिश्रा, राजेश महलवाला, शंकर जिंदिया,अजय अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, शैलेश अग्रवाल,देव गुप्ता, अशोक अग्रवाल,संस्कार अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थित रही। शैक्षणिक विभाग की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक मनोज कुमार साहू, एपीसी शोभनाथ चौबे, बीआरपी गाइड शिक्षक टंडन, विनोद यादव, हर्ष नारायण शर्मा, गौतम शर्मा, अजीत कुमार गुप्ता, अजय उपाध्याय, श्रीकांत पाण्डेय, लौकेश साहू एवं श्रीमती ज्योति साहू उपस्थित रहे। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है।

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के कार्यों का कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने किया निरीक्षण

### जिले में मत्स्य उत्पादन हो रही वृद्धि, आय में वृद्धि के साथ लोगों को मिल रहा रोजगार

**मोहला,**कलेक्टर तुलिका प्रजापति द्वारा जिले में मछली पालन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न ग्रामों में चल रहे तालाब निर्माण, बायोफ्लॉक पॉण्ड एवं हेचरी निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने सर्वप्रथम ग्राम वासड़ी (घोटिया), विकासखंड मानपुर में हितग्राही रोहित सलामे के बायोफ्लॉक पॉण्ड का अवलोकन किया। हितग्राही को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत निजी भूमि पर मछली पालन हेतु पॉण्ड लाइनर निर्माण के लिए 16.80 लाख रुपये की अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में 0.20 हेक्टेयर क्षेत्र में मछली पालन किया जा रहा है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 3.00 लाख रुपये की आमदनी प्राप्त हो रही है। इसके पश्चात् कलेक्टर ने मछली पालन विभाग द्वारा 4.00 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर निर्मित की जा रही जिले की प्रथम मछली बीज उत्पादन हेचरी का निरीक्षण किया। इस हेचरी से प्रतिवर्ष लगभग 1.00 करोड़ स्टैंडर्ड फ्राई का उत्पादन किया जाएगा। हेचरी निर्माण हेतु शासन द्वारा 25.00 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में 13 तालाबों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा हेचरी इकाई का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर प्रजापति ने अधिकारियों को निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। हेचरी के पूर्ण होने से जिले के मछली पालकों को शासकीय दर पर गुणवत्तापूर्ण मछली बीज उपलब्ध होगा तथा जिला मछली बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा। कलेक्टर द्वारा ग्राम खड़गांव, विकासखंड मानपुर में कचरू राम सलामे के निजी भूमि पर 2.00 हेक्टेयर क्षेत्र में किए जा रहे नवीन तालाब निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इस परियोजना हेतु 14.00 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें तालाब निर्माण पूर्ण होने के पश्चात 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। तालाब निर्माण से हितग्राही को प्रतिवर्ष लगभग 10.00 लाख रुपये की आमदनी होने के साथ 5 से 6 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसी क्रम में ग्राम गिधाली, विकासखंड मोहला में संतोषी बाई मण्डावी एवं हमेन्द्र मण्डावी द्वारा किए जा रहे तालाब एवं बायोफ्लॉक पॉण्ड निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया।

# न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट ऑनरोड सेफ्टी के अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की ली गयी

### बैठक एवं सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारंभ किया गया।

रायपुर, संवाददाता।



दिनांक 03 जनवरी 2026 को माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अभय मनोहर सप्रे, अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी (पूर्व न्यायमूर्ति, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया) की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में आज दुर्ग संभाग की सड़क सुरक्षा सिमिति को लेकर समीक्षा बैठक ली गयी एवं सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारंभ किया गया। बैठक में जिलों में सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने जनजागरूकता अभियान के माध्यम से दुर्घटनाओं में कमी लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वर्ष 2024 एवं 2025 की सड़क दुर्घटनाओं, मृत्यु एवं घायलों के आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए कहा कि दोनों वर्षों में स्थिति लगभग समान है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन को सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में और अधिक ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर संवेदनशील क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स) की पहचान करने तथा वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 को लक्ष्य बनाकर 'जीरो विजन' के तहत कार्य किया जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं, मृत्यु एवं घायलों की संख्या में उल्लेखनीय कमी लाई जा सके। सड़क सुरक्षा के लिए जनभागीदारी को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। सभी पेट्रोल पम्प संचालक को बिना हेलमेट पेट्रोल ना देने निर्देश दिये गये और इस कार्य को पुण्य एवं धर्म का कार्य समझ कर करने कहाँ गया। इसी प्रकार स्कूल एवं कॉलेज के सभी प्राचार्य को बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के विधालय परिसर में प्रवेश ना देने निर्देश दिये गये साथ ऐसे बच्चों की सूची बना कर इन्हे समझाईश देना बताया गया। समाज के हर वर्ग से यह अपील की गयी की जिस प्रकार कपडे पहनना अनिवार्य हैं इसी प्रकार सभी को वाहन चलाते समय हेलमेट / सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य हैं। संतुलित गति से वाहन चलाने, हेलमेट एवं सीटबेल्ट के उपयोग, यातायात संकेतों के पालन तथा शराब पीकर वाहन न चलाने के विषय में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग न करना है।

## अवैध खनन एवं परिवहन पर कड़ी कार्रवाई, 31 वाहन जप्त

### 0कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग का सघन अभियान

**रायगढ़, (आरएनएस)।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अमला रायगढ़ द्वारा विगत एक सप्ताह के दौरान सघन अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अवैध परिवहन के प्रकरणों में खनिज रेत के 27 ट्रैक्टर एवं 1 हाईवा, निम्न श्रेणी चूनापत्थर के 2 हाईवा तथा बोल्डर परिवहन में संलिप्त 1 ट्रैक्टर को जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 31 वाहनों को जप्त कर कलेक्ट्रेट परिसर, थाना खरसिया एवं रैरूमाचौकी में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिज मुरूम एवं मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की लगातार प्राप्त शिकायतों पर कलेक्टर के निर्देशानुसार 02 जनवरी की रात्रि में ग्राम पंचायत संबलपुरी तहसील रायगढ़ में खनिज अमले द्वारा आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान मौके पर एक जेसीबी एवं तीन टिपर वाहनों के माध्यम से खनिज मुरूम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जाना पाया गया। जांच के दौरान वाहन चालक के कथनानुसार उक्त अवैध उत्खनन कार्य रायगढ़ निवासी हरिओम अग्रवाल द्वारा कराया जाना बताया गया। प्रकरण में संलिप्त सभी वाहनों को जप्त कर कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़ में सुरक्षार्थ रखा गया है।जिला खनिज अधिकारी श्री रामाकांत सोनी ने बताया कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई में खनिज निरीक्षक सोमेश्वर सिन्हा सहित जिला खनिज अमले की सक्रिय भूमिका रही।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)